दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 35 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर । रविवार, 07 दिसम्बर 2025 ।पौष माह, कृष्ण पक्ष तृतीया संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# कपकपाया राजस्थान..



## पाला पड़ने से फसलें खराब, 7 दिन कड़ाके की सर्दी की चेतावनी

## राजस्थान में बर्फीली हवा, 2 डिग्री से नीचे तापमान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उत्तर से आ रही बर्फीली हवा से राजस्थान में हाड़ कंपाने वाली सर्दी शुरू हो गई है। शेखावाटी के इलाकों में रात का तापमान 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया। ओस जमने से खेतों में पाला पड़ना शुरू हो गया है। इससे फसलों को नुकसान हो रहा है। शुक्रवार को राज्य के 15 से ज्यादा शहरों में ही तापमान सिंगल डिजिट में दर्ज हुआ। जयपुर में इस सीजन पहली बार तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले कुछ दिन इसी तरह कड़ाके की सर्दी का अलर्ट जारी किया है।

### फतेहपुर सबसे सर्द, लगातार गिर रहा तापमान

पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य का सबसे ठंडा इलाका सीकर का फतेहपुर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 1.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं, बीकानेर के लूणकरणसर में 3.2, सीकर में 3, नागौर में 3.1, अलवर में 5.4, दौसा में 4.6, झुंझुनूं में 6.4 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ। राजधानी जयपुर में जयपुर में न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शेखावाटी के चूरू, सीकर, झुंझुनूं के अलावा नागौर, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, अलवर समेत कई शहरों में रात में कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई है।

### दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री से नीचे

सर्द हवाओं और तेज सर्दी के कारण दिन में सूरज की चमक भी फीकी पड़ने लगी है। दिन में तेज धूप के बावजूद तापमान कम दर्ज हो रहा है। अलवर, पिलानी, सीकर, उदयपुर, चूरू, बारां, सिरोही, करौली, प्रतापगढ़, झुंझुनूं, पाली में अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। शुक्रवार सिरोही में सबसे ठंडा दिन रहा, जहां अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।
मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया– राज्य के अधिकांश हिस्सों में अगले एक सप्ताह मौसम साफ रहेगा।



## तीसरा वनडे-भारत ने साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराया

### जायसवाल की सेंचुरी, कुलदीप-प्रसिद्ध ने 4-4 विकेट लिए; सीरीज 2-1 से जीती

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारत ने साउथ अफ्रीका को तीसरे वनडे में 9 विकेट से हरा दिया। विशाखापट्टनम में टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। साउथ अफ्रीका 270 रन ही बना सका। भारत ने 40वें ओवर में महज एक विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। विराट कोहली ने लुंगी एनगिडी की बॉल पर लगातार दो चौके मारकर टीम इंडिया को जीत दिला दी।

डॉ वाईएस राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में मेहमान टीम के लिए क्विंटन डी कॉक ने शतक लगाया। कप्तान टेम्बा बावुमा ने 48, डेवाल्ड ब्रेविस ने 29 और मैथ्यू ब्रीट्जकी ने 24 रन बनाकर टीम को 270 तक पहुंचाया। भारत से कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा ने 4-4 विकेट लिए।

271 रन के टारगेट के सामने यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा ने भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों ने 155 रन की पार्टनरशिप की। रोहित 75 रन बनाकर आउट हुए, यह सीरीज में उनकी पहली फिफ्टी रही। यशस्वी ने फिर 111 गेंद पर अपने वनडे करियर का पहला शतक लगाया।

## विधानसभा का बजट सत्र जनवरी अंत में, फरवरी में बजट

### अभिभाषण के लिए सभी विभागों से उपलब्धियों का ब्योरा मांगा, जल्द मंत्रियों की कमेटी बनेगी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र जनवरी के आखिर में बुलाने की तैयारी है। राज्य का बजट फरवरी में आएगा, हालांकि तारीख बाद में तय की जाएगी। बजट सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण के साथ होगी। सरकार के सभी विभागों ने बजट सत्र की तैयारियां शुरू कर दी हैं। कैबिनेट सचिवालय ने सभी विभागों से राज्यपाल के अभिभाषण में शामिल करने के लिए प्रमुख उपलब्धियों और कार्यों का ब्योरा मांगा है। पिछले कुछ सालों से बजट सत्र की शुरुआत जनवरी के अंत में होती है और बजट फरवरी में पेश किया जाता है। कैबिनेट सचिवालय ने सभी विभागों को भेजे गए सर्कुलर में बजट सत्र जल्द शुरू होने का हवाला देते हुए 26 दिसंबर तक राज्यपाल के अभिभाषण में शामिल करने वाले 8 बिंदुओं पर ब्योरा भेजने को कहा है।

### पहले आंकड़ों पर हो चुका है विवाद

**अभिभाषण के आंकड़ों को लेकर पिछली कांग्रेस और बीजेपी सरकारों के वक्त कई बार विवाद हो चुके हैं। कैबिनेट सचिवालय ने राज्यपाल के अभिभाषण के लिए भेजे जाने वाले ब्यौरे में विकास योजनाओं में खर्च और दूसरे आंकड़े शब्दों में भी लिखकर भेजने के आदेश दिए हैं, ताकि गलती की गुंजाइश न रहे। राज्यपाल के अभिभाषण को अंतिम रूप देने के लिए जल्द वरिष्ठ मंत्रियों की एक कैबिनेट सब कमेटी बनेगी। यह कैबिनेट सब कमेटी राज्यपाल के अभिभाषण में शामिल होने वाले प्रमुख बिंदुओं को फाइनल करेगी। बजट सत्र बुलाने के लिए राज्य सरकार राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए प्रस्ताव भेजेगी। राज्यपाल की मंजूरी के बाद विधानसभा का बजट सत्र बुलाने की अधिसूचना जारी होगी। विधानसभा सत्र बुलाने की तारीख राज्यपाल की मंजूरी से तय होगी।**



# बंद मकानों से उड़ा ले गया जेवरात व बाइक

## चोरी का आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** बरलूट थाना क्षेत्र के भूतगांव व जामोतरा के बंद मकानों में चोरी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बंद मकानों से जेवरात व बाइक आदि चुरा ले गया था। पुलिस के अनुसार भूतगांव व जामोतरा गांव के बंद मकानों व मंदिरों में चोरी की वारदातों पर टीम गठित कर जांच शुरू की गई। मामले में तकनीकी रूप से जांच करते हुए आरोपी तक पहुंचा गया। पुलिस के अनुसार पातली वाली रोटेलाफली (भीमाणा-नाणा-पाली) निवासी अपलाराम पुत्र सवाराम गरासिया को गिरफ्तार किया गया।

### कई वारदातों को अंजाम दे चुका आरोपी

पुलिस के अनुसार गत 7 जुलाई को जामोतरा निवासी ईश्वरलाल रावल ने रिपोर्ट देकर बताया था कि 6 जुलाई की रात को उसके व उसके भाई इंद्रमल के मकानों में चोरी की वारदात हुई है। वहां से दो बाइक, सोने चांदी के जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी ने वारदात करना स्वीकार किया है। आला दर्जे के इस नकबजन ने सिरोही व पाली जिलों में अन्य जगह भी वारदातों को अंजाम देने की स्वीकारोक्ति की है।

# सिलदर अस्पताल में बिगड़ी सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश

## जिला कलक्टर ने किया अस्पताल का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( जीतेश रावल )।** जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने शनिवार को सिलदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया। उन्होंने परिसर की सफाई व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के संबंध में सख्त निर्देश दिए। साथ ही पंद्रह दिनों में आवश्यक रूप से सुधार लाने को निर्देशित किया। उन्होंने नए उपकरणों एवं अन्य सामान की खरीद के लिए विभाग, आरएमआरएस व जनसहयोग से आवश्यक कार्रवाई करने एवं व्यवस्थाएं सुचारू करने की बात कही। इस दौरान उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल साथ रहे।

# साइबर ठगी करते हुए एक युवक गिरफ्तार

## खोह थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग जिले की खोह थाना पुलिस ने आन लाइन ठगी करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक एन्डायड मोबाइल फोन जप्त किया है। खोह थाना प्रभारी शिवलहरी मीणा के अनुसार एस पी ओमप्रकाश मीणा द्वारा ऑनलाईन ठगी के करने वालो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत एसपी अखिलेश शर्मा और सीओ सीता राम बैरवा के निर्देशन में मुखबिर सूचना पर ए एस आई जय सिंह ने मय जाप्ता के हयातपुर से भौडाकी जाने वाले रास्ते पर दबिश देकर मोबाईल से चलाते हुए जमशेद 38 बर्ष पुत्र लल्लू मेव निवासी हिंगोटा थाना खोह को साइबर ठगी के आरोप में गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक वीवो कंपनी का एंड्राइड मोबाइल फोन जप्त किया है। उसके मोबाईल फोन को चैक किया तो उसमें लोगो से ठगी सम्बंधी चैट व स्क्रीन शॉट मौजूद थे। थाना प्रभारी मीणा के अनुसार गिरफ्तार आरोपी जमशेद से ठगी के बारे में पूछताछ की तो जमशेद ने बताया कि मैं पुराने सिक्को को अधिक कीमत पर खरीदने के संबंध मे फेसबुक पर रील डालता हूं। उसके बाद लोग मुझसे संपर्क करते है, फिर मे उनके साथ ठगी करता हूँ । पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी से साईबर ठगी के सम्बंध में व साईबर ठगी करने वाली अन्य गैंगो के सदस्यो के बारे में पूछताछ व अनुसंधान जारी है।



# डी पी एस, उदयपुर इंडिया स्कूल मेरिट अवार्ड 2025 में राजस्थान में प्रथम व देश में 9 वीं रैंक पर काबिज

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर ने एजुकेशन टुडे का प्रतिष्ठित इंडिया स्कूल मेरिट अवार्ड 2025 प्राप्त कर राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर पर विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त की है। शिक्षा के क्षेत्र की प्रमुख पत्रिका एजुकेशन टुडे द्वारा पूरे भारतवर्ष में एक सर्वे करवाया गया, जिसमें भारत के टॉप 10 डे कम बोर्डिंग स्कूल की श्रेणी में दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर ने पूरे भारत में रैंक 9, राजस्थान में रैंक 1 तथा उदयपुर में भी रैंक 1 प्राप्त कर अपना स्थान शीर्ष शिक्षण संस्थाओं में सुनिश्चित कर लिया है। प्राचार्य संजय नरवरिया ने बताया कि संपूर्ण देश से 2 हजार से अधिक स्कूल इस सर्वे का हिस्सा बने, उनमें से कुछ स्कूलों को गुणवत्ता की श्रेणी में सीबीएसई, आईसीएसई, इंटरनेशनल तथा स्टेट बोर्ड की श्रेणी में चयन किया गया। जिसमें डी पी एस, उदयपुर ने राज्य में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया और इस उपलब्धि ने विद्यालय को अत्यंत गौरव प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार संस्था के श्रेष्ठ अकादमी स्तर, छात्र के सर्वांगीण विकास तथा शैक्षिक गुणवत्ता, कौशल विकास के मानकों को ध्यान में रखकर किया गया है।

# हिन्दुत्व हजारों साल पहले भी था और आगे भी रहेगा : महंत मुकेश नाथ

## आदिवासी हिन्दू हैं और इनकी परंपराओं व संस्कारों में भी हिन्दुत्व है

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरखपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के गुरूभाई एवं विश्व हिन्दू महासंघ भारत के राष्ट्रीय संयोजक महंत मुकेश नाथ महाराज ने कहा कि हिन्दुत्व को न कोई मिटा पाया है और न ही मिटा पाएगा। हिन्दुत्व हजारों साल पहले भी था और आज भी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी हिन्दू है और इससे इंकार करने वाले आदिवासियों की संस्कृति व परंपराओं को नहीं समझते हैं।

महंत मुकेश नाथ महाराज ने शनिवार को सनातन प्रेमियों व भक्तों को संबोधित करते हुए यह बात कही। संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं कार्यकारी अध्यक्ष जयशंकर राय ने बताया कि महाराज ने मेवाड राज परिवार के सदस्य व नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह से भी भेंट की और मेवाड व गोरखपीठ के संबंधों पर चर्चा की। महंत मुकेश नाथ ने दोपहर में महाकाल मंदिर में सनातन भक्तों व शहर के कई प्रबुद्दजनों के



साथ भी चर्चा की। महंत मुकेश नाथ ने कहा कि कई लोग हिन्दुत्व को मिटाने का कल्पना करते हैं और संकल्प करते हैं, लेकिन उनको शायद यह याद नहीं है कि अंधेरे से फिर से सनातन उजाले की ओर जा रहा है। भारत मुगलों और अंग्रेजों का गुलाम रहा, लेकिन हिन्दुत्व के संस्कारों और संस्कृति को कोई नहीं मिटा पाया। मुगलो ने सोचा कि वे भारत में सभ्यता और भाषा को मिटा देंगे तो गुलामी से बाहर नहीं निकल पाएंगे, लेकिन न तो सभ्यता बदली और ना ही भाषा को कोई मिटा पाया।

उन्होंने कहा कि हिन्दुत्व एक नाम नहीं जीवनशैली है। हिन्दुत्व को खत्म करने के प्रयास हजारो सालों से हुए हैं। कई शहरों के नाम बदले गए, लेकिन हिन्दुत्व की यह विशेषता रही है या भगवान का आशीर्वाद रहा है कि संकट के वक्त कोई न कोई संत महात्मा प्रकट हो जाता है। इसीलिए हिन्दुत्व की विचारधारा और संस्कार जस के तस खडे हैं। गुरुकुल के विषय पर उन्होंने कहा कि समय बदलता रहता है। समय कभी लौट कर नहीं आता इसलिए वर्तमान में जो चल रहा है उसको भी स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने तेलगांना में आदिवासियों की परंपराओं पर प्रतिबंध का जिक्र करते हुए कहा कि आदिवासी हिन्दू है और इस बात से जो इंकार करता है वह आदिवासियों की संस्कृति व परंपरा को नहीं समझता।

इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं कार्यकारी अध्यक्ष जयशंकर राय ने सनातन प्रेमियों व भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेवाड में महाराजजी का स्वागत कर यहां के धर्म प्रेमियों ने मेवाड के संस्कार व संस्कृति का परिचय दिया है।

राष्ट्रीय महामंत्री एवं राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष कौशल पालीवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं कार्यकारी अध्यक्ष जयशंकर राय, राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रमुख डॉ राव बहादुर सिंह,युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल बोहरा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं मंत्री तुषार बोहरा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लक्ष्मी ठाकुर, जिलाध्यक्ष राकेश बागोरा व उदयपुर संभाग अध्यक्ष विकास गौड भी उपस्थित थे।

# खुद रेड डाल चुके केबिनेट मंत्री, रूक नहीं रही बायोडीजल बिक्री

## - नियम ताक पर रखते हुए संचालित हो रहे बायोडीजल पम्प
## - सरूपगंज, आबूरोड व रेवदर क्षेत्र में वृहद पैमाने पर बिक्री

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( जीतेश रावल )।** बायोडीजल का अवैध कारोबार जोर पकड़ रहा है, लेकिन सम्बंधित विभाग ओर से मूकदर्शक बना हुआ है। गुजरात से सटा इलाका होने से आबूरोड, रेवदर व सरूपगंज क्षेत्र में बायोडीजल की जमकर अवैध बिक्री हो रही है, लेकिन प्रभावी तरीके से रोकथाम के कोई प्रयास नहीं हो रहे। यहां तक कि कार्रवाई के दौरान बंद करवाए गए पम्प भी चोरी-छिपे वापस खुल रहे हैं। बायोडीजल का यह कारोबार कितने बड़े स्तर पर फैला है इसका अंदाजा इसी से लगा सकते है कि कुछ दिनों पहले ही केबिनेट मिनिस्टर किरोड़लाल मीणा खुद जिले में रेड डाल चुके हैं।

### बंद पम्प की मनमर्जी से खुलती सील

बताया जा रहा है कि एक बार बंद करवाने के बाद रसद विभाग के अधिकारी भी वापस वहां मुड़कर ही नहीं देखते। ऐसे में संचालक मनमर्जी से पम्प वापस शुरू कर देते हैं। हाल ही में इस तरह का मामला सामने आया भी था, लेकिन रसद विभाग ने वापस सील लगाकर एवं संचालक को केवल चेतावनी देकर छोड़ दिया। मामला सरूपगंज में चंवरली के समीप पम्प का है।




### टैंकर व पम्प की सील खुली मिली

जानकारी के अनुसार दीपावली पर्व के समय चंवरली में पम्प के पास एक टैंकर मिलने पर पुलिस ने रसद विभाग को सूचना दी थी। मौके पर पहुंचे कार्यवाहक रसद अधिकारी विनोद परमार ने जांच की तो टैंकर खाली मिला, लेकिन पम्प की सील खुली मिली। बाद में पम्प के नोजल वापस सील कर दिए गए। बताया गया कि इस पम्प का संचालक कोई किशोरकुमार माली है। वैसे टैंकर में भरा बायोडीजल कहां गया और पम्प की सील किसने खेली इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली।

**अब मंडार में पकड़ा अवैध बायोडीजल पम्प** -मंडार में गुजरात सीमा के पास अवैध रूप से बायोडीजल की बिक्री पर रसद विभाग ने कार्रवाई की है। जिला रसद अधिकारी जगदीश विश्नोई के अनुसार शिकायत मिलने पर टीम ने कार्रवई की। यहां करीब 2700 लीटर बायोडीजल का अवैध भंडारण मिला। कार्रवाई में बायोडीजल व डिसपेंसिंग यूनिट, मोटर, ड्रम, उपकरण आदि जब्त किए गए। प्रवर्तन अधिकारी विनोद परमार, प्रवर्तन निरीक्षक अस्मिता मीणा, सोनल राणावत, नकुल चौहान आदि मौजूद रहे।

# विवाहिता से सामूहिक बलात्कार के आरोप में दो आरोपी गिरफ्तार

## दलित विवाहिता ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर तीन जनों के खिलाफ दर्ज कराया था सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग जिले की खोह थाना पुलिस ने सीओ सीताराम बैरवा के निर्देशन में मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर एक दलित विवाहिता से सामूहिक बलात्कार करने और अश्लील वीडियो बना कर उसे वायरल करने की धमकी देकर देह शोषण करने के प्रकरण में 2 आरोपीयो को गिरफ्तार किया है। खोह थाना प्रभारी शिवलहरी मीणा के अनुसार सी ओ सीता राम बैरवा के नेतृत्व में गिरफ्तार आरोपी रवि कुमार 30 बर्ष पुत्र रेवती प्रसाद शर्मा गांव वरई थाना खोह जिला डीग और प्रभु उर्फ प्रवीन 45 बर्ष पुत्र सुनहरी गुर्जर गांव परमदरा थाना खोह जिला डीग के निवासी है। पुलिस इस प्रकरण में एक अन्य आरोपी नरेश कुमार ठाकुर निवासी गांव मांढेरा सदर थाना डीग को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है।




इस प्रकरण में थाना खोह के एक गांव निवासी एक विवाहिता ने आरोपी नरेश कुमार ठाकुर, रवि शर्मा निवासी वरई और प्रभु उर्फ प्रवीन गुर्जर निवासी गांव परमदरा के खिलाफ उसे कोल्ड ड्रिंक में धोखे से नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोशी की हालत में उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने और उसका अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैक मेल करते हुए उसे बाहर ले जाकर के उसका देह शोषण करने, उसके गर्भवती हो जाने पर आरोपियों द्वारा उसका गर्भपात कराने का आरोप लगाते हुए न्यायालय में दायर इस्तगासा के जरिए थाना खोह पर मुकदमा दर्ज कराया था।

# स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के अंतर्गत सेमिनार का हुआ आयोजन

- स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल के बच्चों को एनसीडी क्लीनिक द्वारा स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक
- भारत विकास परिषद के सहयोग से आज लगाया जाएगा जांच शिविर



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** गैर संचारी रोगों के बढ़ने का मुख्य कारण है जागरूकता का अभाव। अगर हम समय पर जांच करवा कर इलाज लें तो गैर संचारी बीमारियों (उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर तथा हृदय रोग) को कम किया जा सकता है। यह उद्बोधन दिनांक 6 दिसंबर 2025 को उप जिला चिकित्सालय सूरतगढ़ के एनसीडी क्लिनिक द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद गवर्नमेंट मॉडल स्कूल सूरतगढ़ के प्रांगण में नर्सिंग अधिकारी लक्ष्मी कुमारी द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि आजकल की भाग दौड़ भरी जिंदगी में हम अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख पाते और गैर संचारी बीमारियां हमें कब अपनी चपेट में ले लेती है इसका पता नहीं लगता। इसलिए हमें योग व्यायाम को अपने जीवन का हिस्सा बनना चाहिए तथा समय-समय पर जांच करवानी चाहिए। इस अवसर पर काउंसलर दीपक शर्मा ने बच्चों को अपनी जान दिया और खान-पान में बदलाव करने की सलाह दी और कहा कि हमें जीवन में काम से कम तनाव लेना चाहिए। अगर हम स्वस्थ जीवन जीना चाहते हैं तो पौष्टिक आहार के साथ-साथ सरल और सुखद जीवन भी होना चाहिए तभी हम स्वस्थ रह सकते हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य बालकिशन सहारण ने बताया कि उनके स्कूल में बच्चों को फास्ट फूड लेकर आना माना है तथा बच्चों को प्रतिदिन योग व्यायाम के महत्व से अवगत करवाया जाता है। ज्यादा से ज्यादा आउटडोर गेम खेलने के लिए बच्चों को प्रेरित किया जाता है और एमडी क्लिनिक द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के अंतर्गत जो जानकारी बच्चों को दी गई है वह उन्हें जीवन में स्वस्थ रहने के लिए बहुत लाभदायक साबित होगी। इस अवसर पर फिजियोथैरेपिस्ट देवेंद्र धाकड़ सहित स्वामी विवेकानंद गवर्नमेंट मॉडल स्कूल स्टाफ उपप्रचार्य ओम प्रकाश और सतीश सेतिया, प्राध्यापक सुरेश पुरोहित, रमनदीप, व. अ. दलराज सिंह, सुभाष चंद्र रामसवरूप, अपूर्वा, सिमरपल कौर कँवलजीत कौर आदि मौजूद रहे।

# श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने ऊपनी गांव में 33/11 केवी जीएसएस सब स्टेशन का किया शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने आज विधानसभा क्षेत्र श्रीडूंगरगढ़ के ऊपनी गांव में नव-स्वीकृत 33/11 केवी त्रस्स ऊपनी सब स्टेशन का शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को एक और महत्वपूर्ण विकास कार्य की सौगात दी।

इस अवसर पर विधायक सारस्वत ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य गति पकड़ रहे हैं। विधायक सारस्वत ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर का क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण बिजली परियोजना के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने विधायक सारस्वत का ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। ऊपनी गांव में युवाओं, बुजुर्गों के उत्साहपूर्ण स्वागत ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

विधायक सारस्वत ने कहा कि नए सब स्टेशन के निर्माण से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति मजबूत होगी,वोल्टेज की समस्या खत्म होगी,घरेलू उपभोक्ताओं,किसानों व व्यवसायियों को बड़ा लाभ मिलेगा,और क्षेत्र की लम्बे समय से चली आ रही मांग पूरी होगी। इस अवसर पर देहात अध्यक्ष महेन्द्र सिंह, मोमासर अध्यक्ष नरेश मोट, शहर अध्यक्ष राधेश्याम दर्जी, मदलाल मेघवाल, जगदीश गुर्जर, भँवरलाल बाना, विद्युत विभाग से सहायक अभियंता वैष्णव हर्ष, सिविल एईएन ब्रजलाल सिंह भाटी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। गांव के नौरंगनाथ सिद्ध, मोहननाथ सिद्ध, हड़मान शर्मा, मंगलाराम गोदारा, मालाराम




तर्ड, अंनाराम वकील, भगवनाराम, मोडूराम मेघवाल, श्रीराम नाथ और परमाराम नाई सहित अनेक गणमान्य ग्रामीणों ने विधायक सारस्वत का गरिमापूर्ण स्वागत किया।

# श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत की पहल,कलेक्टर ने समर्थन मूल्य खरीद प्रक्रिया में सुधार हेतु त्वरित आदेश जारी किए

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने आज जिला कलेक्टर बीकानेर श्रीमती नम्रता वृष्टि से भेंट कर समर्थन मूल्य पर मूंगफली एवं मूंग खरीद के दौरान पंजीयन और दस्तावेज़ सत्यापन में किसानों को आ रही समस्याओं से अवगत कराया। विधायक के आग्रह पर कलेक्टर ने तुरंत संज्ञान लेते हुए आवश्यक सुधार संबंधी आदेश जारी किए।

विधायक सारस्वत ने बताया कि विभागीय नियमों के अनुसार किसानों के पंजीयन दस्तावेज, पानी की पर्ची, बिजली बिल एवं सोलर कनेक्शन का भौतिक सत्यापन अनिवार्य है, लेकिन व्यावहारिक स्तर पर किसानों को कई अनावश्यक बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

**विधायक द्वारा उठाए गए मुख्य बिंदु, जिन पर कलेक्टर ने त्वरित आदेश जारी किए-**

**-परिवार के नाम पर बिजली बिल-** यदि भूमि मालिक/टोकनधारी किसान के खेत का बिजली बिल पिता, माता, दादा, दादी, भाई या पत्नी के नाम पर हो, तो दस्तावेज़ स्वीकार कर किसान का माल खरीदा जाए। नया खेत खरीदने के मामले- यदि किसान ने नया खेत खरीदा है और बिजली बिल पुराने मालिक के नाम हो या नाम परिवर्तन की प्रक्रिया चल रही हो, तो विद्युत विभाग की नाम परिवर्तन रसीद/रजिस्ट्री की कॉपी को वैध दस्तावेज मानकर टोकन स्वीकार किया जाए। विधायक सारस्वत ने कहा कि इन सुधारों से वास्तविक काश्तकारों को समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने में बड़ी राहत मिलेगी और प्रशासनिक परेशानियां भी कम होंगी। कलेक्टर द्वारा तुरंत आदेश जारी करने पर क्षेत्र के किसानों में संतोष देखा गया।

## स्वेटर पाकर छात्राओं के खिले चेहरे,भामाशाह ने जरूरत मंद 104 छात्राओं को वितरण किए स्वेटर



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स)।** स्थानीय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विधालय में शनिवार को दम्पत्ती भामाशाह ने जरूरत मंद 104 छात्राओं को सर्दी से बचाव के लिये निःशुल्क स्वेटर वितरण किए। स्वेटर पाकर छात्राओं के चेहरे पर खुशी देखी गई। भामाशाह भंवर लाल चौधरी एवं उनकी धर्मपत्नी सरिता चौधरी ने बालिकाओं को स्वेटर बांटते हुये कहा कि वे यह पुनीत कार्य समाजसेवी शक्ति सिंह की प्रेरणा से व अपने स्वर्गीय माता-पिता के द्वारा दिये गये संस्कारो से प्रेरित होकर कर रहे है। यह कोई दान नहीं अपितु एक सेवा कार्य है। इस अवसर पर चौधरी ने छात्राओं से मन लगाकर पढाई करने को कहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी शक्ति सिंह ने सभी छात्राओं से अपील करते हुये कहा कि आज हर इन्सान को सेवा के प्रति समर्पित रहना चाहिए। भामाशाह द्वारा जरूरत मंद छात्राओं को स्वेटर दिये जाने पर भामाशाहो का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि भविष्य में भी एसे नेक कार्य करते रहना चाहिए। इस दौरान उप प्रधानाचार्य अनिता पीटर्स ने भामाशाह का आभार जताया।

## श्री गिर्राज परिक्रमा समिति की भंडारे को लेकर मीटिंग आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** श्री गिरिराज परिक्रमा समिति चौमूं के गोवर्धन धाम में होने वाले 23वें भंडारे को लेकर कार्यकर्ताओं एवं भामाशाहों की मीटिंग का आयोजन पुरोहितों का मोहल्ला स्थित राधावल्लभ मंदिर में किया गया। मीटिंग समिति अध्यक्ष शंभू चूलेट की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मीटिंग में भामाशाहों ने बढ़ चढक़र भाग लिया और भंडारे में सहयोग के लिए आगे आए। इस बार भंडारा 27 व 28 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। भंडारा संत निवास, कुसुम सरोवर के पास छोटी परिक्रमा में लगाया जाएगा। भंडारे के लिए 26 दिसंबर शुक्रवार को थाना मोड चौमूं से प्रातः10:00 बजे रवाना होगी। इस बार करीब 11 बसों का लक्ष्य रखा गया है। वही सभी भामाशाहों व कार्यकर्ताओं का राधे-राधे का दुपट्टा ओढाकर स्वागत किया गया। मीटिंग में संरक्षक सत्यनारायण कुमावत, मदन मोहन सैनी, उपाध्यक्ष मुकेश कुमावत, सचिव बजरंग लाल अग्रवाल, महामंत्री डॉ सीताराम कुमावत, सचिव गजेंद्र कुमावत, कोषाध्यक्ष मनोज पारीक, विधि सलाहकार कैलाश पटवारी, उमेश शर्मा, व्यवस्थापक रामलाल शेरावत, सुरेश गोदारा, राजेश रेवाड़, संतोष बारावाल, विनोद, पवन शर्मा, योगेंद्र पाराशर, विनोद बारावाल, राजेंद्र भीणडा, भगवान सहाय यादव, राजेंद्र अग्रवाल, राजेश चोपड़ा व रामस्वरूप यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बड़ा फेरबदल: एसपी मीणा का एक्शन-19 थानों के कप्तान बदले, दबलाना-नमाना में महिला शक्ति को कमान



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिले की पुलिस व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा ने शनिवार को 19 पुलिस निरीक्षकों और 4 उप निरीक्षकों के तबादले कर दिए। इस भारी फेरबदल में जिले के 19 थानों समेत 4 महत्वपूर्ण शाखाओं के प्रभारियों को बदला गया है। खास बात यह है कि अब बूंदी में तीन थानों की कमान महिला अधिकारी संभालेंगी, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। अब महिलाएँ संभालेंगी नमाना और दबलाना की कमान एस पी मीणा की जारी सूची के अनुसार, महिला पुलिस निरीक्षकों को महत्वपूर्ण थानों की जिम़्मेदारी दी गई है। माया बैरवा थानाधिकारी नमाना, प्रिया व्यास थानाधिकारी दबलाना, ममता कुमारी मीणा महिला थानाधिकारी

वर्तमान महिला थानाधिकारी यशोराज मीणा को प्रभारी एएचटीयू लगाया गया है। इस निर्णय से महिला थाने के अलावा नमाना और दबलाना जैसे दो और थानों की कमान अब महिलाओं के हाथ में होगी। शहर के महत्वपूर्ण थानों के प्रभारियों को भी बदला गया है वर्तमान सदर थानाधिकारी रमेशचंद आर्य को शहर कोतवाल बनाया गया है। शहर कोतवाल भंवर सिंह को अब सदर थाने की कमान सौंपी गई है। पुलिस और आमजन के बीच अपनी बेहतरीन कार्यशैली के लिए लोकप्रिय, ष्टद्ब भंवर सिंह को सदर थाने की कमान मिलना पदोन्नति के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि सदर थाना पुलिस महकमे में एक बड़ा और महत्वपूर्ण थाना माना जाता है।

## अवैध शराब का परिवहन करने पर एक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** निवाई थाना पुलिस ने बिना अनुज्ञा पर के अवैध शराब का परिवहन करते हुए पाये जाने पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिससे 60 डोला मारू के पव्वे जब्त किए है। थानाधिकारी घासीराम ने बताया कि देवनारायण छात्रावास के समीप बिना अनुज्ञा पर के अवैध शराब का परिवहन करते हुए आरोपी लाखनसिंह पुत्र बन्नालाल सांसी निवासी पोल्याडा थाना दूनी जिला टोंक हाल निवासी नला रोड देवनारायण छात्रावास के पीछे कच्ची बस्ती को गिरफ्तार किया है। जिससे 60 डोला मारू के पव्वे जब्त किए है।

### एमजीएस विवि में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण

# डॉ अंबेडकर संविधान निर्माता के साथ ना केवल देश के बल्कि पूरे विश्व के महान अर्थशास्त्री भी थे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शनिवार को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर में केंद्रीय कानून एवं विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेघवाल ने प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मेघवाल ने विश्वविद्यालय परिसर में विधि विभाग के डॉ अंबेडकर भवन के सामने पार्क में बरगद के पौधे का रोपण भी किया।विधि के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित भी किया।




डॉ अंबेडकर ना केवल देश के बल्कि पूरे विश्व के महान अर्थशास्त्री थे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री मेघवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय में स्थापित की गई डॉ अंबेडकर की यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा देगी। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर को संविधान निर्माता और दलितों के मसीहा के रूप में जाना जाता है लेकिन वे ना केवल देश के बल्कि पूरे विश्व के महान अर्थशास्त्री भी थे। उन्होंने द प्रॉब्लम ऑफ रूपी नामक किताब लिखी। लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में डॉ अंबेडकर का पोट्रेट भी लगाया गया। इसी वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस पर यूनेस्को के पेरिस मुख्यालय में डॉ अंबेडकर की मूर्ति लगाई गई है।

कोलंबिया विश्वविद्यालय ने डॉ अंबेडकर को 300 साल के इतिहास में सर्वाधिक प्रतिभावान माना

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कोलंबिया विश्वविद्यालय में जहां डॉ अंबेडकर पढ़े, ने 300 साल के इतिहास का सर्वे करवा कर डॉ अंबेडकर को सर्वाधिक प्रतिभावान छात्र मानते हुए विश्वविद्यालय परिसर में उनकी मूर्ति स्थापित की और मूर्ति के नीचे लिखा सिंबल ऑफ नॉलेज( ज्ञान का प्रतीक) ।श्री मेघवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में डॉ अंबेडकर की प्रतिमा नहीं थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष पूरे होने पर कोर्ट नं.01 में जहां मुख्य न्यायाधीश बैठते हैं, डॉ अंबेडकर की मूर्ति लगाने पर श्री मेघवाल ने देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री डी.वाई. चंद्रचूड़ का आभार भी जताया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रो. अनिल कुमार छंगाणी, डॉ अभिषेक वशिष्ट समेत अन्य अधिष्ठाता, निदेशक, डॉ सत्यप्रकाश आचार्य समेत अन्य गणमान्य लोग व विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य, शोधार्थी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बूथ तक पार्टी मजबूत करेंगे

## महावीर मीणा ने संभाली कांग्रेस जिलाध्यक्ष की कमान, एकजुटता पर ज़ोर

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनंत दाधीच)।** कांग्रेस को ज़मीनी स्तर पर मजबूत करने के लक्ष्य के साथ, नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष महावीर मीणा का शपथ ग्रहण समारोह आज बूंदी के एक निजी रिसॉर्ट में भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, पूर्व मंत्री एवं हिंडोली विधायक अशोक चान्दना, के. पाटन विधायक सीएल.प्रेमी, कोटा-बूंदी लोकसभा प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल, पूर्व महिला राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष ममता शर्मा, और कई अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।



### बूथ लेवल तक कार्यकर्ताओं को जोडऩा ही मेरा लक्ष्य

शपथ ग्रहण के बाद अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष महावीर मीणा ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य बूथ लेवल तक कार्यकर्ताओं को जोडक़र पार्टी को मजबूत करना है। मुझे छोटे से कार्यकर्ता को पार्टी ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है, जिसे मैं पूरी निष्ठा और मेहनत से निभाऊंगा। अब बूंदी जिला कांग्रेस का हर कार्यकर्ता काम करने वाला होना चाहिए। हम सबको गाँव-गाँव जाकर कांग्रेस की रीति-नीति और विचारधारा को लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान भी किया।

### नेताओं ने एकजुटता पर दिया ज़ोर

हरिमोहन शर्मा ने महावीर मीणा को बधाई दी और कार्यकर्ताओं से एकजुट व संगठित रहने का आह्वान किया। उन्होंने कांग्रेस को देश का भविष्य बताया और कहा कि मीणा का चुनाव राहुल गांधी जी के संगठन सर्जन अभियान का प्रतिफल है।

अशोक चान्दना ने कहा कि महावीर मीणा के जिलाध्यक्ष बनने के बाद कई वर्षों बाद पूरे जिले की कांग्रेस आज एक मंच पर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हर बूथ पर मतदाता का नाम जुड़वाने के लिए काम करने को कहा। सीएल. प्रेमी ने कहा कि सब मिलकर एक साथ काम करेंगे, और मीणा के आने से कांग्रेस में नई ऊर्जा आई है, क्योंकि वह धरातल पर काम करते रहे हैं। प्रहलाद गुंजल ने कहा कि वह कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए अपने प्राण न्योछावर करने को तैयार हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर अन्याय के खिलाफ और गरीब के हितों के लिए लडऩे का आह्वान किया। समारोह में पूर्व सांसद रामनारायण मीणा, जिला प्रमुख चंद्रावती कवर, और पूर्व राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष ममता शर्मा ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा ने किया। समारोह में ब्लॉक अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों, वार्ड पार्षदों समेत पूरे बूंदी जिले के बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जो पार्टी में नई ऊर्जा और एकजुटता का संकेत है।

## फुलेरा पुलिस की बड़ी कार्यवाही,चोरी की वारदात का मात्र 24 घण्टे में खुलासा कर दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा (नि.स)।** स्थानीय पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी की वारदात का मात्र 24 घण्टे में खुलासा कर दो शातिर चोरों राजेन्द्र व रोहित को किया गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया हुआ सामान बरामद किया हैं। जानकारी देते हुए जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा डूडी ने बताया कि 5 दिसम्बर को परिवादी रूपेश चौहान पुत्र मंगलचन्द बलाई निवासी न्यू कोलोनी फुलेरा ने मामला दर्ज करवाया की 4 दिसम्बर रात्रि को सुबह लगभग 4-5 बजे मेरे मकान के बाहर से वाशिंग मशीन की मोटर कीमत करीब 20 हजार रूपए एवं एक भारत कम्पनी का खाली गैस सिलेण्डर व एक गैस चूल्हा कोई अज्ञात चोर उठाकर ले गये हैं। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया। प्रकरण में चोरी की वारदात का खुलासा कर माल मशरूका बरामद करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व पुलिस उप अधीक्षक सांभरलेक अनुपम मिश्रा के निकटतम सुपरविजन में तथा थानाधिकारी फुलेरा राजेन्द्र कुमार पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया । गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा प्रयास करते हुए अज्ञात आरोपियों की पहचान कर आरोपी राजेन्द्र उर्फ राजू चौधरी 27 निवासी भैरू की ढाणी जोबनेर रोड़ फुलेरा व रोहित रोय 25 निवासी मिश्र कॉलोनी फुलेरा को डिटेन कर बाद अनुसंधान जुर्म प्रमाणित पाया जाने पर गिरफ्तार किया गया है तथा कब्जे से चोरी किया गया सामान एक बडी मोटर वाशिंग मशीन की, गैस चूल्हा व एक गैस सिलेण्डर बरामद किया गया है। अभियक्तों ने पूछताछ में बताया है कि वे मकानों व अन्य स्थानो की रैकी करते हैं फिर मौका पाकर मकानों में घुसकर जो भी सामान मिलता उसे चोरी कर ले जाते है।

## ग्लोबल एनर्जी लीडर्स समिट 2025, ऊर्जा मंत्री ने रखा प्रदेश के एनर्जी सेक्टर के विकास का रोडमैप

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शनिवार को ओडिशा के पुरी में आयोजित ग्लोबल एनर्जी लीडर्स समिट 2025 में राजस्थान के ऊर्जा क्षेत्र के परिदृश्य एवं विकास के रोडमैप को सभी के समक्ष रखा। नागर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में विगत समय में राजस्थान की प्रगति की चर्चा की। उन्होंने कहा कि राजस्थान ने नवीकरणीय एवं सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बीते समय में जो उपलब्धि हासिल की है वह देश के अन्य राज्यों के लिए मिसाल है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि किसानों को अन्नदाता के साथ-साथ ऊर्जादाता बनाने के उद्देश्य से महत्वाकांक्षी पीएम कुसुम योजना का राजस्थान में प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है।



## अजमेर में इतिहास को मिली नई पहचान, विधानसभा अध्यक्ष ने राम मंदिर आंदोलन के अमर वीर अविनाश माहेश्वरी के नाम पर किया सडक़ का नामकरण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** अजमेर के इतिहास में शनिवार को एक एतिहासिक क्षण दर्ज किया गया जब विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आनासागर पुलिस चौकी से मामा की दुकान प्रेमनगर तक स्थित मार्ग का नाम शहीद अविनाश माहेश्वरी मार्ग करने की घोषणा की। देवनानी ने घोषणा करते हुए कहा कि अब यह सडक़ राम मंदिर आंदोलन के अमर वीर, अजमेर के गौरव, स्वर्गीय श्री अविनाश माहेश्वरी के नाम से जानी जाएगी। उन्होंने कहा कि 6 दिसम्बर वही दिन है जब राम मंदिर आंदोलन ने निर्णायक रूप लिया था। इसी आंदोलन में श्री अविनाश माहेश्वरी ने अदम्य साहस तथा अटूट आस्था के साथ अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका यह बलिदान धर्म, संस्कृति और राष्ट्रभावना के प्रति उनके समर्पण का अमिट प्रतीक है। देवनानी ने कहा कि किसी भी शहर की सडक़ें केवल आवागमन का माध्यम नहीं होतीं। वे इतिहास और परंपरा की पहचान होती हैं। ?से वीर के नाम पर सडक़ का नामकरण अजमेर के लिए सम्मान और गर्व का विषय है। यह निर्णय श्री अविनाश माहेश्वरी के बलिदान को प्रणाम के साथ युवा पीढ़ी को त्याग, साहस और कर्तव्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने वाला कदम है।



# ऑपरेशन के हीरो बने सदर थाना का कॉन्स्टेबल रोहिताश्व कुमार

बढ़ता राजस्थान

**खाटूश्यामजी (नि.स.)।** अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस कई बार अलग-अलग तरीके अपनाती है, लेकिन इस बार खाटूश्यामजी थाना पुलिस ने जो किया, वह किसी फिल़्मी सीन से कम नहीं था।

फिल़्मी अंदाज़ में कॉन्स्टेबल रोहिताश्व की मास्टर प्लान कार्रवाई

10 हजार रुपये के इनामी बदमाश नानूराम मीणा, जो लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर भाग रहा था, उसे गिरफ्तार करने के लिए खाटूश्यामजी थाना पुलिस ने एक अनोखी योजना बनाई। इस पूरे ऑपरेशन के हीरो बने कॉन्स्टेबल रोहिताश्व, जिन्होंने पूरी तरह किरदार में ढलते हुए एक इंजीनियर का रूप धारण किया और अहमदाबाद के कोको कोला प्लांट में घुसकर कर्मचारियों की मीटिंग तक ले डाली, वह भी बेहद विश्वास के साथ!



कोको कोला प्लांट में हुई ड्रामेटिक 'मीटिंग'

कॉन्स्टेबल रोहिताश्व को जानकारी मिली कि वांछित आरोपी नानूराम मीणा गुजरात के अहमदाबाद स्थित कोको कोला पीएसपी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी मोतीपुरा में मजदूर बनकर काम कर रहा है। योजना के अनुसार रोहिताश्व एक कंपनी इंजीनियर के रूप में प्लांट में पहुंचे। सभी कर्मचारियों की एक फॉर्मल मीटिंग बुलाई। मीटिंग के दौरान कर्मचारियों से परिचय और दस्तावेज़ वेरिफिकेशन शुरू किया गया । श्रमिकों के लेबर कार्ड की जांच के दौरान नानूराम मीणा की पहचान पक्की हो गई। जिसे पकडऩा मुश्किल था, वह पुलिस के सामने खुद दस्तावेज़ लेकर खड़ा था! जैसे ही पहचान हुई, पुलिस ने जाल कस दिया। फिल़्मों की तरह ऑपरेशन में कोई शोर नहीं। बाहर की टीम पहले से तैनात थी। पहचान की पुष्टि होते ही प्लांट परिसर में ही आरोपी को शांतिपूर्वक पकड़ लिया गया। नानूराम मीणा, जो राजस्थान के नानदरी प्रतापपुरा, थाना रेनवाल का निवासी है उसको गिरफ्तार कर लिया गया

### थाने की टीम की शानदार बुद्धिमत्ता और साहस

इस विशेष ऑपरेशन ने साबित किया कि पुलिस केवल बल से ही नहीं, बल्कि दिमाग और रणनीति से भी अपराधियों को घुटने टेकने पर मजबूर कर सकती है। कॉन्स्टेबल रोहिताश्व की सूझबूझ और अद्भुत अभिनय कौशल ने एक बड़े इनामी अपराधी को पुलिस के हवाले कर दिया । यह सिर्फ गिरफ्तारी नहीं, पुलिस की शानदार टीमवर्क, इंटेलिजेंस और साहस की मिसाल है। खाटूश्यामजी सदर थाना पुलिस की इस कार्रवाई ने यह दिखा दिया कि अपराध चाहे कहीं भी छिपे हों, राजस्थान पुलिस उन्हें ढूंढकर ही दम लेती है

### यह था मामला

पुलिस थाना सदर खाटूश्यामजी में 10 अक्टूबर को मंढ़ा निवासी पीडि़त ने मामला दर्ज करवाया था। जिसमें पीडि़त ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने मोबाइल छीनकर मारपीट की गई। जोबनेर रोड स्थित रेनवाल ले जाकर कुछ साथियों को और बुलाया। फिर साथियों के साथ मिलकर मेरे फोन से सारे रूपये दूसरे अकाउंट में डलवा लिए। आरोपियों ने पीडि़त को नग्न कर मारपीट की और वीडियो बनाया।

## सम्पादकीय

# समय पर न्याय मिलने की कोई गारंटी नहीं, लंबित मामलों की बढ़ रही संख्या

यह स्वागतयोग्य तो है कि उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट आम आदमी के लिए है और उनकी पहली प्राथमिकता लंबित मामलों को निपटाने तथा मुकदमेबाजी की लागत को कम करने की है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि एक लंबे समय से एक के बाद एक न्यायाधीशों की ओर से ऐसा ही कुछ कहा जा रहा है और फिर भी नतीजा ढाक के तीन पात वाला है।

आज की कटु सच्चाई यह है कि सुप्रीम कोर्ट आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है। वकीलों की महंगी फीस और तारीख पर तारीख के सिलसिले को देखते हुए आम आदमी के लिए यह संभव नहीं कि वह अपने मामले की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का साहस जुटा सके। यदि वह किसी तरह ऐसा कर भी ले तो समय पर न्याय मिलने की कोई गारंटी नहीं।

यह एक तथ्य है कि निचली अदालतों और उच्च न्यायालयों की तरह सुप्रीम कोर्ट में भी लंबित मामलों की संख्या बढ़ती जा रही है। देश की जनता यह भी अच्छे से देख रही है कि किस तरह कुछ बड़े वकीलों के लिए सब कुछ सुगम होता है। कोई नहीं जानता कि उनके मामलों की सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर कैसे होने लगती है?

यह पहली बार नहीं जब सुप्रीम कोर्ट के किसी मुख्य न्यायाधीश ने समय पर न्याय देने, लंबित मामलों का बोझ कम करने और मुकदमेबाजी की लागत कम करने की दिशा में कदम उठाने का भरोसा दिलाया हो। यह सिलसिला दशकों से कायम है। हर नया मुख्य न्यायाधीश न्यायिक तंत्र में आमूल-चूल सुधार का वादा करता है, लेकिन अभी तक का अनुभव यही कहता है कि स्थितियों में कोई बुनियादी बदलाव नहीं हुआ है। इसका परिणाम यह है कि अब लोगों में निराशा घर करने लगी है। वे मुश्किल से ही अदालतों का दरवाजा खटखटाते हैं। यह समझा जाना चाहिए कि न्यायिक तंत्र में सुधार की बातें करने मात्र से ऐसा होने वाला नहीं है। न्यायपालिका के प्रति लोगों की आस्था डिगे, इसके पहले न्यायिक तंत्र में सुधार के ठोस कदम उठाने होंगे। ऐसा इसलिए भी करना होगा, क्योंकि किसी देश का विकास बहुत कुछ उसकी सुगम न्यायप्रणाली पर निर्भर करता है। जिस देश में समय पर न्याय नहीं मिलता, वहां केवल विवाद ही नहीं बढ़ते, बल्कि विकास के काम भी बाधित होते हैं और व्यवस्था के प्रति असंतोष उपजता है।



इसके चलते नियम-कानूनों की अवहेलना करने की प्रवृत्ति बढ़ती है। समस्या केवल न्यायपालिका के स्तर पर ही नहीं, कार्यपालिका के स्तर पर भी है। आखिर यह एक तथ्य है कि सरकारें अपने ही लोगों से मुकदमेबाजी में उलझी हुई हैं। अच्छा हो कि सरकार और सुप्रीम कोर्ट मिलकर समस्या का समाधान करने के लिए आगे आएं। इसमें देरी स्वीकार्य नहीं, क्योंकि पहले ही बहुत देर हो चुकी है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 7 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 2009 - डेनमार्क के कोपेनहेगन में जलवायु शिखर सम्मेलन शुरू।
- 2008 - हरियाणा के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने चन्द्रमोहन को मुख्यमंत्री पद से बर्ख़ास्त किया। भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने जापान टूर का खिताब जीता।
- 2007 - यूरोप की कोलम्बर प्रयोगशाला को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुँचाने वाली अटलांटिस की बहुप्रतीक्षित उड़ान तकनीकि कारणों से स्थगित।
- 2004 - हामिद करजई ने अफग़ानिस्तान के पहले निर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की।
- 2003 - रमन सिंह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद पर आसीन
- 2002 - तुर्की की आजरा अनिन मिस वर्ल्ड 2002 बनीं।
- कश्मीर में अलगाववादी हिंसा में आठ मुस्लिम विद्रोहियों सहित 14 लोग मारे गए।
- 2001 - कंधार में तालिबान ने हथियार डाले, विक्रमसिंघे श्रीलंका के नये प्रधानमंत्री नियुक्त।
- 1995 - दक्षिण एशिया वरीयता व्यापार समझौता (साप्टा) प्रभावी।
- भारत ने संचार उपग्रह इनसेट-2सी का प्रक्षेपण किया।
- 1988 - अर्मेनिया में 6.9 तीव्रता वाले भूकंप से 25 हजार लोगों की मौत, लाखों बेघर।
- 1983 - मैड्रिड एयरपोर्ट पर दो जेट विमानों के आपस में टकराने से 93 की मौत।
- 1972 - अमेरिका ने चंद्रमा के लिये अपने अभियान के तहत अपोलो 17 का प्रक्षेपण किया।
- 1970 - पश्चिम जर्मनी और पोलैंड के बीच संबंध सामान्य हुए।
- 1944 - जनरल रादेस्कू ने रोमानिया में सरकार का गठन किया।
- 1941 - जापानी विमानों ने हवाई स्थित पर्ल हार्बर में अमेरिकी बेड़े पर हमला किया जिसमें 2043 लोग मारे गये।
- 1856 - देश में पहली बार आधिकारिक रूप से 'हिंदू विधवा' का विवाह कराया गया।
- 1825 - भाप से चलने वाला पहला जहाज 'इंटरप्राइज' कोलकाता पहुंचा।

## विशेष आलेख

# समय की कसौटी पर हमेशा खरे उतरे हैं भारत और रूस के संबंध



विवेक वैष्णव



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपनी भारत यात्रा पूर्ण कर लौट चुके है और अधिकांश लोगों का मानना है कि इस यात्रा से एक नई शुरुआत होगी। निःसंदेह इस यात्रा से कुछ नया तो अवश्य होगा लेकिन भारत और रूस के संबंध हमेशा से बहुत गहरे और रणनीतिक होकर अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में सबसे स्थिर और विश्वसनीय माने जाते हैं। ये केवल कूटनीतिक ही नहीं बल्कि रक्षा, ऊर्जा और व्यापार के क्षेत्रों में एक मजबूत साझेदारी रहे है। वर्तमान में इस रिश्ते को ''विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी'' का दर्जा प्राप्त है। वर्ष 2000 में दोनों देशों ने ''रणनीतिक साझेदारी'' घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए जो द्विपक्षीय संबंधों में एक मील का पत्थर साबित हुआ।

दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध भारत की स्वतंत्रता से पहले अप्रैल 1947 में स्थापित हो गए थे। यह संबंध तब और मजबूत हुआ जब 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान सोवियत संघ ने भारत का खुलकर समर्थन किया। 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद भी, रूस ने भारत के साथ अपने संबंधों को प्राथमिकता दी। शीत युद्ध के दौर से लेकर वर्तमान की राजनीतिक उथल-पुथल तक, दोनों देशों ने हमेशा और हर मंच पर एक दूसरे का निरंतर समर्थन किया है। रक्षा क्षेत्र भारत-रूस संबंधों का सबसे मजबूत स्तंभ है। दशकों से रूस भारत का सबसे बड़ा रक्षा आपूर्तिकर्ता रहा है। यह संबंध अब केवल ''खरीदार-विक्रेता'' का नहीं बल्कि ''संयुक्त अनुसंधान और विकास'' का बन गया है। ब्रह्मोस मिसाइल भारत और रूस के संयुक्त उद्यम का सबसे बेहतरीन उदाहरण है। यह दुनिया की सबसे तेज सुपर सोनिक क्रूज मिसाइलों में से एक है। रूस भारत का एकमात्र विदेशी भागीदार है जो परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के निर्माण में सक्रिय रूप से शामिल है। रूस ने कुडनकुलम परियोजना को पूर्ण क्षमता तक पहुँचाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। यूक्रेन संघर्ष के बाद भारत ने रूस से रियायती दरों पर कच्चे तेल का आयात काफी बढ़ा दिया है, जिससे रूस भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता बन गया है। भारतीय कंपनियों ने रूस के तेल और गैस क्षेत्रों में भी भारी निवेश किया है। भारत द्वारा भारी मात्रा में तेल आयात करने के कारण व्यापार संतुलन रूस के पक्ष में झुका हुआ है। इसे संतुलित करने के लिए भारत अब फार्मास्यूटिकल्स, कृषि उत्पाद और मशीनरी के निर्यात को बढ़ाने पर जोर दे रहा है। यद्यपि रक्षा और ऊर्जा संबंध बहुत मजबूत हैं लेकिन द्विपक्षीय व्यापार अभी भी अपनी पूरी क्षमता तक नहीं पहुँचा है।

दोनों देशों के बीच बढ़ते सांस्कृतिक संबंधों के साथ-साथ पर्यटन और राष्ट्रीय आय को भी बढ़ावा मिला है। शीत युद्ध के समय रूस ने राजनीतिक संबंध स्थापित करने के बाद अपने बाजारों को हिंदी सिनेमा के लिए खोला था जिसके बाद न सिर्फ वहां फिल्में रिलीज की गईं बल्कि कई अलग-अलग लोकेशन पर फिल्मों की शूटिंग भी हुई। 1970 में रिलीज हुई राज कपूर की फिल्म 'मेरा नाम जोकर' रूस में बहुत पसंद की गई थी। कुछ फिल्में ऐसी भी थीं जिन्हें भारत और सोवियत संघ ने एक साथ मिलकर बनाया था। साल 1981 में 'एडवेंचर्स ऑफ अली-बाबा एंड द फोर्टी थीव्स' को दोनों देशों के निर्माताओं ने मिलकर बनाया था। आज रशिया में हिंदी फिल्मों को समर्पित एक बॉलीवुड चैनल का प्रसारण भी होता है, जिस पर 24 घंटे बॉलीवुड फिल्में दिखाई जाती हैं।

भारत और रूस के संबंध समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। भू-राजनीतिक दबावों के बावजूद दोनों देशों ने अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को बनाए रखा है और अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी है। दोनों देश बहु ध्रुवीय विश्व व्यवस्था का समर्थन करते हैं। भारत और रूस ब्रिक्स, शंघाई सहयोग संगठन और जी-20 जैसे मंचों पर मिलकर काम करते हैं। रूस ने हमेशा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। कश्मीर मुद्दे पर भी रूस ने ऐतिहासिक रूप से भारत के पक्ष का समर्थन किया है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हाल की भारत यात्रा के दौरान, दोनों नेताओं ने ''विजन 2030'' दस्तावेज़ का अनावरण किया। इसका लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 बिलियन डॉलर तक पहुँचाना है। इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर और चेन्नई-व्लादिवोस्तोक मैरीटाइम कॉरडोर के जरिए दोनों देश व्यापारिक मार्गों को सुगम बनाने पर काम कर रहे हैं। 'विजन 2030' और निरंतर उच्च स्तरीय संवाद यह सुनिश्चित करते हैं कि यह दोस्ती भविष्य में और भी प्रगाढ़ होगी। हाल ही में हुई रूसी राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा ने भारत रूस संबंधों को नई ऊर्जा दी है। भारत ने रूसी नागरिकों के लिए ई-टूरिस्ट वीजा की घोषणा की है। व्यापार, ऊर्जा, और नागरिक उड्डयन जैसे क्षेत्रों में कई नए समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। भारत और यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत को तेज करने पर सहमति बनी है।

# महाशक्ति का न्याय

**पढ़ी लिखी ममता अपने ही घर में डरी सी सहमी सी रहने लगी। शादी को हुए पाँच साल ऐसे ही खिचातानी में निकल गए। ममता का स्वास्थ भी खराब रहने लगा**



रूपक शर्मा

ममता एक बहुत इंटेलिजेंट महिला थी। उम्र काफी हो गई थी माता पिता भी बुर्जुग हो गए थे पढ़ाई और कैरियर के चक्कर में शादी भी करनी है इस बात से अन्जान रहते हुए उम्र कब 34 पार हो गई पता भी नहीं चला। एक दिन जिस स्कूल में ममता पढ़ाती थी उसी स्कूल में एक टीचर आए। देखने में बेहद खूबसूरत,लम्बे चौड़े से। ममता कब महेश को दिल दे बैठी पता ही नहीं चला। दोनों एक दूसरे के नजदीक आ गए और एक दिन मन्दिर में जाकर शादी कर ली। ममता के माता-पिता और महेश के माता पिता दोनों की रजामंद नहीं थे। ममता अपने नए घर में आ गई। कुछ दिन शांति से निकले और बाद में महेश और उसकी मां का रवैया उसके प्रति काफी खराब होने लगा। पढ़ी लिखी ममता अपने ही घर में डरी सी सहमी सी रहने लगी। शादी को हुए पाँच साल ऐसे ही खिचातानी में निकल गए। ममता का स्वास्थ भी खराब रहने लगा। उसे लगातार खांसी रहती थी। एक दिन ममता की तबीयत काफी खराब थी ऐसे में महेश उसे ट्रेरन में बिठा आया कि ये सोचकर यदि मरे तो अपने पिता के घर मरना। ममता मरणासन हाल में अपने पिता की चौखट पर पाँच साल बाद पहुँची। ममता को पहचान पाना पिता के लिए बड़ा मुश्किल सा प्रतीत हो रहा था। बहराल पिता ने गले लगाया और उसका उपचार शुरू करवाया। जाँच से पता चला कि ममता को टी.बी है। ऐसे में ममता का लगकर उपचार शुरू किया और छः महीनों में ही ममता दुबारा पहले जैसी स्वस्थ्य हो गई। ममता ने अपने पति से बात करने का प्रयास किया लेकिन पति ने उसे मन से छोड़ दिया। ममता ने अपने जीवन का फिर नए सिरे से शुरू किया और एक स्कूल में पढ़ाने लगी। कुछ दिन बाद महेश की मां की मौत हो गई उसके कुछ दिन बाद ही पिता भी इस दुनियां में नहीं रहे। महेश नई शादी करने की फिराक में था लेकिन ममता जैसी महिला को ठुकराने का किस्सा पूरे शहर में मशहूर हो चुका था इसलिए विवाह होने में परेशानी आ रही थी। कुछ दिन बाद महेश बीमार सा रहने लगा। एक दिन ममता स्कूल से लौट रही थी तो उसे बस स्टॉप पर महेश बुसुध हाल में एक बेंच पर बैठा दिखा। उसने उसे एक टैम्पू वाले भैया की मदद से हॉस्पिटल में भर्ती करवाया जहां पता चला कि महेश को टी.बी हो चुकी थी। ममता ने महेश को अपने पास रखा। उसका उपचार शुरू करवाया महेश काफी वीक हो चुका था इसलिए बेबस और लाचारी भरी नजर से वो ममता को देखा करता था। उपचार के दौरान दो महीने बाद ही महेश की मौत हो गई। ममता हालांकि महेश की उस सबसे बड़ी गलती को भूला चुकी थी,उसे माफ कर चुकी थी जब मरणासन हाल में महेश ने उसे ट्रेन में बैठा दिया था। लेकिन ईश्वर के यहां तो एंट्री हो चुकी थी। उसका न्याय भी बड़ा ही अद्भुत है मित्रों। वो हैं ये विश्वास है वो सब कर सकता है ये आस्था है और वो एक लाख आँखों से देख रहा है बस इसी बात का भय हम सबके मन में होना ही चाहिए। क्योंकि उस महाशक्ति का न्याय बड़ा ही अद्भुत है। वो उसे कभी माफ नहीं करता जीसे आप कर देते हो............।

## लघुकथा

बढ़ता राजस्थान

### मतपेटी में जिन्न

चुनाव प्रचार के बाद घर लौटे, एक थके-हारे नेता जी ने जब दो घूँट लगाने के लिए शराब की बोतल खोली; तो उस बोतल में से बहुत बड़ा जिन्न निकला, और बोला,बोल मेरे आका! तुझे क्या चाहिए? नेता जी उत्तेजित होकर बोले, जिन्न महाराज! आप इस छोटी-सी बोतल में रह सकते हैं तो मतपेटी में घुसना आपके लिए मुश्किल नहीं.... अत: आप मतदान वाले दिन मेरे ढेर सारे जाली मतपत्र पहुंचा देना, और मेरे विपक्षियों के मतपत्र खराब कर देना.... फिर तो मेरी बल्ले-बल्ले हो जाएगी। मतपत्र क्या होता है? जिन्न ने पूछा। ये कागज की छोटी-छोटी पर्चियाँ। नेता जी, मतपत्र का नमूना दिखाते हुए बोले। कमाल है! आप बड़े-बड़े महल धन-दौलत को छोड़कर ये कागज के टुकड़े माँग रहे हो? ... मेरे में इतनी शक्ति है कि जब अलादीन नाम के एक आदमी ने मुझे चिराग से निकाला था; तो उसके माँगने पर मैंने उसे इतना आलीशान महल ला कर दिया था कि उसके मुकाबले का महल उस ज़माने मे बड़े-बड़े बादशाहों के पास भी नहीं था....। जिन्न ने नेता जी को समझाने की कोशिश की, तो जिन्न की बात बीच में काटते हुए नेता जी बोले, किस ज़माने की बातें करते हो? जिन्न साहिब! ... अगर मैं इन कागज के टुकड़ो के बल पर चुनाव जीत गया तो; मैं तेरे उस अलादीन के महल से भी खूबसूरत कोठियाँ पलभर में खड़ी करके दिखा दूंगा.. और रही धन-दौलत की बात, अगर मैं कोई छोटा-मोटा मंत्री भी बन गया तो देश-विदेश के बैंको में धन-दौलत के अम्बार लगा दूँगा। गुस्ताखी मुआफ़ हो, मेरे आका! जिन्न सिर झुकाकर बोला, मुझे पता नहीं था कि मतपत्र में हम जिन्नो से भी ज्यादा ताकत होती है।मतदान वाले दिन जिन्न ने नेता जी की आज्ञा का पालन किया; पर उससे एक भूल हो गई; क्योंकि उसे मतदान खत्म होने के समय का पता नहीं था। वह एक मतपेटी से बाहर निकल भी नहीं पाया था कि मतदान का समय समाप्त हो गया, और उस मतपेटी पर सील लग गई। जिससे वह उस मतपेटी में बंद होकर मतगणना केंद्र पहुँच गया। मतगणना वाले दिन सभी दलों के एजेंटो के सामने उस मतपेटी की सील तोड़ी गई; तो उसके अंदर से निकलकर वो जिन्न बोला, बोलो मेरे आकाओ, तुम्हें क्या चाहिए? वहाँ मौजूद सभी दलों के एजेंट एक साथ बोले हमारी पार्टी की सरकार बननी चाहिए। ऐसा ही होगा....। कहकर जिन्न गायब हो गया। उसी जिन्न की करामात से ही देश में पहली बार विभिन्न विचारधाराओं वाले दलों की एक मिली-जुली सरकार सत्ता में आयी; पर वह सरकार ज्यादा दिन चली नहीं। इसमें उस जिन्न बेचारे का क्या दोष?

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

### अपराजिता के पत्तों की चाय पीने से दूर होती हैं ये 5 बीमारियां, इस तरह करें तैयार

अपराजिता के नीले रंग के फूल अपनी खूबसूरती से लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करते हैं। अपराजिता के फूल को शंखपुष्पी के नाम से जाना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अपराजिता के फूल हमारी सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होते हैं। जी हां, आयुर्वेद में अपराजिता के फूलों का इस्तेमाल औषधि के रूप में सदियों से किया जा रहा है। अपराजिता के फूलों की चाय का सेवन करने से शरीर की कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। अपराजिता की चाय को ब्लू टी के नाम से भी जाना जाता है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल, एंटी-डायबिटिक और एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं, जो कई तरह की बीमारियों को दूर कर सकते हैं। नियमित रूप से अपराजिता के फूलों की चाय पीने से वजन घटाने से लेकर डायबिटीज को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है।

**-इम्यूनिटी बूस्ट करे**

अपराजिता के फूल की चाय का सेवन करने से इम्यूनिटी बूस्ट हो सकती है। दअसल, इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। इससे आपको बार-बार होने वाली सर्दी-जुकाम, खांस और अन्य कई तरह के संक्रमण से राहत मिल सकती है।

**दिल को रखे हेल्दी**

अपराजिता के फूल की चाय का सेवन दिल के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। दरअसल, इसका सेवन करने से शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल कम होता है और ब्लड प्रेशर भी नियंत्रित रहता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से दिल से जुड़ी बीमारियों के जोखिम को कम करने में भी मदद मिल सकती है।

**वजन घटाने में मददगार**

अपराजिता के फूल की चाय का सेवन करने से वजन घटाने में मदद मिल सकती है। दरअसल, इसके सेवन से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है, जिससे शरीर में जमा अतिरिक्त फैट को बर्न करने में मदद मिलती है। नियमित रूप से इसका सेवन करके आप वेट लॉस में मदद मिल सकती है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन बिजनेस के मामले में थोड़ा सोच समझकर काम करने के लिए रहेगा। आपको अपने जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा और उनकी सेहत पर भी आपको पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए आय के मामले में बढिय़ा रहने वाला है। आपको मेहनत के अनुसार फल मिलेगा। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन अपने घर में कर सकते हैं।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए टेंशन से भरा रहने वाला है, क्योंकि कोई कानूनी मामला आपके लिए सिरदर्द बनेगा। उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। आपको किसी काम को लेकर दूसरों पर डिपेंड नहीं रहना है।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों से जुडक़र नाम कमाने के लिए रहेगा। तरक्की की राह में आ रही बाधा भी दूर होगी। नौकरी में आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की आवश्यकता है।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र में अपने कामों में आपको ही बदलाव कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप अपनी जरूरत की आवश्यकताओं की खरीदारी पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी के साथ वक्त बिताने का मौका मिलेगा।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने आने वाला है। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। आप अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे। आप कोई प्रॉपर्टी खरीदने की योजना बना सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपके प्रभाव में प्रताप में वृद्धि होगी। संतान के प्रति आपका सहयोग भरपूर रहेगा।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। यदि बिजनेस में आपका धन कहीं फंसा हुआ था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। संतान के करियर को लेकर आपको थोड़ी टेंशन रहेगी।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा। पार्टनर भी बेहतर रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है, लेकिन जल्दबाजी के कारण कोई समस्या हो सकती हैं। रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए कुछ समस्याएं लेकर आएगा। धर्म-कर्म के कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी। सेहत के मामले में आपको लापरवाही करना समस्या देगा। आप यदि किसी से कुछ कर्ज लेने की सोच रहे थे।

# संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर ने किया सआदत अस्पताल का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोतम जोशी)।** संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ एवं जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने शनिवार को संयुक्त रुप से जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सआदत अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त ने अस्पताल की सफाई व्यवस्था पर संतोष जताया। उन्होंने सभी वार्डो में जाकर चिकित्सा व्यवस्था का जायजा लिया। पीएमओ हनुमान प्रसाद बैरवा से दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। साथ ही आरएमआरएस की बैठक नियमित रुप से करने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने पीएमओ को अस्पताल के फायर सिस्टम को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्टो एवं अन्य रिक्त पदों को भरने के लिए राज्य सरकार को लिखा जायेगा, ताकि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। जिला कलेक्टर ने संभागीय आयुक्त को बताया कि सआदत अस्पताल में मरम्मत एवं विद्युत कार्य कराये जाने के लिए पीडब्यूडी को 2 करोड़ 41 लाख रुपये स्वीकृत किये है। शीघ्र ही इनको पूर्ण कर लिया जायेगा। संभागीय आयुक्त ने पीएमओ को शौचालयों की साफ.सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने पीएमओ को बंद पड़े सुलभ शौचालय को खुलवाने के निर्देश दिये।




## मालपुरा में विभिन्न विकास कार्यो का निरीक्षण

संभागीय आयुक्त ने उपखंड मालपुरा में विभिन्न विकास कार्यो का निरीक्षण किया। राठौड़ ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लावा में जिला परिषद मद से 10 लाख रुपये की राशि से बने डोम की गुणवत्ता एवं उपयोगिता का जायजा लिया। इसके बाद ग्राम पंचायत चांदसेन में पंचायतीराज विभाग द्वारा चारागाह विकास एवं वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों को पौधों की सार संभाल ठीक प्रकार से करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कृषि विभाग द्वारा फार्म पौंड, पॉलीहाउस एवं तारबंदी योजना में लाभांवितो से संवाद किया। साथ ही उन्हें अन्य लोगों को भी इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित करने को कहा। ग्राम पंचायत टोरडी में संभागीय आयुक्त ने जन-सुनवाई कर लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।

## संभागीय आयुक्त ने एसआईआर में एईआरओ पीपलू के कार्य को सराहा

संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ ने पीपलू ब्लॉक के औचक निरीक्षण के दौरान उपखंड कार्यालय पीपलू एवं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पीपलू का निरीक्षण किया। एसआईआर कार्यक्रम में पीपलू के शानदार प्रदर्शन को लेकर उन्होंने उपखंड अधिकारी गणराज बडग़ौती की प्रशंसा की। साथ ही महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पीपलू में बच्चों से संवाद के दौरान उनकी फर्राटेदार इंग्लिश सुनकर सीबीईओ प्रधानाचार्य कृष्णा चौधरी की सराहना करते हुए बच्चों को कैरियर निर्माण के लिए प्रेरित किया। इसी दौरान उन्होंने जिला कलेक्टर द्वारा चलाए जा रहे मिशन पढ़ाई विद एआई कार्यक्रम में संचालित कक्षाओं का भी अवलोकन किया। साथ ही ब्लॉक पर संचालित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए संदर्भ कक्ष को देखा तथा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में जानकारी ली।

# रेलवे की यात्रियों को बड़ी सौगात, 4 नई ट्रेनों की घोषणा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** यात्रियों को बड़ी सौगात देते हुए पश्चिम रेलवे ने चार जोड़ी विशेष ट्रेनें संचालित करने का फैसला किया है, जो कि राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ से होकर गुजरेंगी। इस बारे में रेलवे की ओर से शनिवार को एक जानकारी में बताया कि यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे की ओर से मुंबई सेंट्रल से भिवानी, मुंबई सेंट्रल से शकूर बस्ती, बांद्रा टर्मिनस से दुर्गापुरा (जयपुर) और वलसाड से बिलासपुर स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। ट्रेनों के समय, फेरे, चलने के दिन और उनमें लगने वाले कोच के बारे में पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने जानकारी दी।

# श्री दामोदर गोशाला में चारा भंडार हॉल का हुआ शिलान्यास



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** नगर पालिका मंडल के तत्वावधान में जमात में स्थित श्री दामोदर गोशाला में विधायक रामसहाय वर्मा, पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा व दामोदर गोशाला समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद बोहरा द्वारा चारा भंडार हॉल का विधिवत पूजा अर्चना करके शिलान्यास किया गया। इसी के साथ हॉल का निर्माण कार्य भी शुरू हो गया। इस अवसर पर विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि गौ माता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि गौ माता की सेवा करने वाले भाग्यशाली होते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति की गौ सेवा में भागेदारी होनी चाहिए। पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि चारा भंडारण हॉल का निर्माण करीब एक माह में पूर्ण हो जाएगा। जिससे गौशाला में चारा रखने में सुविधा रहेगी। इस अवसर पर कैलाश अग्रवाल, राजेंद्र टोडवाल, ओमप्रकाश विजयवर्गीय, चंद्रप्रकाश खंडेलवाल, महेंद्र सैनी, डांगरथ्ल मंडल अध्यक्ष केदार चौधरी, पूर्व प्रधान ममता चौधरी, बद्रीनारायण पारीक व कैलाश नटवाड़ा सहित कई कई गौसेवक मौजूद थे।

# रामधन चौधरी हत्याकांड में सभी आरोपी बरी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** अपर जिला एवं सेशन न्यायालय की पीठासीन अधिकारी सृष्टि चौधरी ने रामधन चौधरी हत्याकांड में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए सभी आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया है। यह मामला पलेई क्षेत्र में वर्ष 2021 में हुई हत्या से जुड़ा हुआ था। प्रकरण के अनुसार रामधन की हत्या के मामले में संजय चौधरी, राकेश चौधरी व मुकेश चौधरी को आरोपी बनाया गया था। मृतक के परिजन नवल सिंह, कानाराम माली एवं चेतनसिंह चौहान ने 10 अक्टूबर 2021 को मामला दर्ज करवाया था। पुलिस ने जांच के दौरान निवाई बस स्टैंड, अहिंसा सर्विस एवं बनस्थली रोड के सीसी टीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया था। अदालत में बचाव पक्ष के अधिवक्ता गिरधरसिंह तंवर ने बताया कि पुलिस द्वारा प्रस्तुत सबूत, परिस्थितिजन्य, साक्ष्य व सीसी टीवी फुटेज में आरोपी की संलिप्तता को सिद्ध नहीं करते।

# अपहरण कर रूपयों की मांग करने का आरोपी गिरफ्तार,घटना में प्रयुक्त थार कार जब्त,

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** निवाई थाना पुलिस ने एक व्यक्ति का अपहरण कर रूपयों की मांग करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में उपयोग की गई एक थार कार को जब्त कर अपहरण किए गए अर्जुन प्रजापत को सकुशल दस्तयाब कर लिया है। थानाधिकारी घासीराम ने बताया कि 2 दिसम्बर को पीडित्त उगन्ती देवी पत्नि अर्जुन प्रजापत निवासी बड की ढाणी निवाई ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि उसके पति का अपहरण कर लिया गया है तथा फोन पर 5 लाख रूपए की फोन पे करने की मांग कर रहे है। पुलिस ने मामला दर्ज कर पुलिस सहायक उपनिरीक्षक रमेशचन्द को अनुसंधान अधिकारी नियुक्त किया। पुलिस ने बाईपास से अपहरण होने पर तकनिकी साक्ष्यों एवं प्राप्त सूचनाओं के आधार पर झाडोदा जंगल करोली से आरोपी गुलाब मीणा पुत्र रामकुंवार मीणा निवासी रायसना पुलिस थाना गढमोरा जिला करोली को गिरफ्तार कर लिया एवं घटना में प्रयुक्त एक थार कार को जब्त कर लिया। पुलिस टीम में हैड कानि जीतपाल, कानि राधाकिशन, मनोज व नरेन्द्र शामिल थे।

## निवाई क्षेत्र में आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका के 8 पदों पर भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पदों पर स्वैच्छिक मानदेय सेवा हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभाग की उपनिदेशक सरोज मीणा ने बताया कि निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएँ, राजस्थान जयपुर से प्राप्त नियुक्ति आदेशों के अनुसार निवाई परियोजना में कुल 3 कार्यकर्ता एवं 5 सहायिका पदों पर भर्ती की जाएगी। आवेदकों के लिए आवेदन प्रक्रिया ऑफलाइन रखी गई है तथा आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर को शाम 5 बजे निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने पूर्ण दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि तक बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय निवाई में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उपनिदेशक ने बताया कि रिक्त पद ग्राम पंचायत सिरस (श्योसीहपुरा) कार्यकर्ता अनारक्षित, ग्राम पंचायत ढाणी जुगलपुरा कार्यकर्ता अनुसूचित जनजाति, ग्राम पंचायत खंडदेवत (गाँव चोरपुरा) कार्यकर्ता अनुसूचित जनजाति, ग्राम पंचायत हनोतिया (गाँव पथराज) सहायिका अनारक्षित, ग्राम पंचायत मण्डालिया सहायिका अनारक्षित, ग्राम पंचायत बस्सी सहायिका अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत झिलाय सहायिका अनारक्षित, ग्राम पंचायत नयागांव सहायिका अनारक्षित विभाग के अनुसार चयन प्रक्रिया संबंधित दिशा-निर्देशों व पात्रता मानकों के अनुसार की जाएगी।

# सवाई माधोपुर में 14 दिसंबर को होगा ज्योतिष महाकुंभ, तैयारियों को दिया अंतिम रूप

## वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** श्रीत्रिनेत्र गणेश जी महाराज की पावन नगरी होटल सिद्धि विनायक रणथंबोर रोड सवाई माधोपुर में आयोजक-मां कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान (रजि.) सवाई माधोपुर के तत्वावधान में एक दिवसीय ज्योतिष महासम्मेलन का आयोजन 14 दिसंबर (रविवार) को सवाई माधोपुर में आयोजित होगा! आयोजन की तैयारियों के अंतर्गत शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ पत्रकार एवं 'बढ़ता राजस्थान' के सवाई माधोपुर जिला ब्यूरो चीफ राकेश शर्मा को उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया।

ज्योतिष के इस महाकुंभ में विद्वानों को उनके कार्य के अनुरूप प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक पंडित राज शर्मा ने बताया कि यह आयोजन कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान करने जा रही है, जिसमें देश-विदेश से कम से कम 500 विद्वान् इस आयोजन में सम्मिलित होने के लिए उपस्थित होंगे।

ज्योतिष के इस महासम्मेलन में देश-विदेश से पधारने वाले लगभग 500 विद्वानों को विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में सनातन धर्म का कार्य करने वाले एवं ज्योतिष की प्राच्य विधाओं मे पारंगत विद्वान विदुशियों को ही सम्मान पत्र दिया जाएगा साथ ही संस्था पंजीकृत विद्वानों को संस्था की तरफ से शील्ड, मेडल, माला, दुपट्टा एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

माँ कामाक्षा ज्योतिष शोध संस्थान के अध्यक्ष पंडित ताराचन्द शास्त्री ने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क होगा।

कार्यक्रम में बतौर अतिथि वशिष्ठ ज्योतिष के रचनाकार गुरुदेव जीडी वशिष्ठ, देवज्ञ अनिल वत्स, डॉ नरोत्तम पुजारी सालासर धाम, रामानुजाचार्य रामचंद्राचार्य महाराज,भरतलाल महाराज कोटा, शुभेश सर्मन, अरुण बंसल, गलता पीठ के पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज, सर्व ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, डॉ आचार्य राजानंद शास्त्री, त्रिनेत्र गणेश मंदिर महंत संजय दाधीच, हिमांशु गौतम गुर्जर गौड़ ब्राह्मण अध्यक्ष युवा संघ, विधानसभा विधायक स्वामी बालमुकुन्दाचार्य महाराज, माननीय केबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा, उड्डयन मंत्री गौतम कुमार दक, माननीय मंत्री जवाहर सिंह बेड़म, कैबिनेट मंत्री अरुण चतुर्वेदी, विधायक जितेंद्र गोठवाल खंडार, प्रहलाद इंजीनियर सवाई माधोपुर, किशन शर्मा सवाई माधोपुर, अनुपम गौतम को भी निमंत्रण दिया गया जिनके सहित देश- विदेश से 500 विद्वान् उपस्थिति देंगे। पत्रकार वार्ता में सेवानिवृत्त शिक्षक ओमप्रकाश गौतम ने आयोजन की तैयारियों पर प्रकाश डाला।

# अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागृह का निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएं



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** देवेन्द्र दीक्षित, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर द्वारा शनिवार को जिला कारागृह सवाई माधोपुर का निरीक्षण किया गया। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा कारागृह परिसर की साफ-सफाई, बैरकों की साफ-सफाई आदि के बारे में जांच की गई। निरीक्षण के दौरान कारागृह की साफ सफाई संतोष पाई गई, कारागृह में मरम्मत कार्य एवं रंग-रोगन संबंधी कार्य पूर्ण होना पाया गया। साथ ही दीक्षित द्वारा मौके पर उपस्थित उपाधीक्षक बिहारीलाल से कारागृह में सजायाफ्ता एवं विचाराधीन बंदियों की कुल संख्या, नए प्रवेश करने वाले बंदियों के नाम एवं पता, बंदियों को प्रदान की जाने वाली भोजन, पेयजल एवं चिकित्सकीय सुविधाओं, ई कियोस्क आदि के संबंध में पूछताछ की गई तथा बंदियों से वार्ता कर उनके मुकदमों, संबंधित थानों, न्यायालयों, परिजनों से बातचीत के समय, अपने मुकदमों की पैरवी हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता, निशुल्क विधिक सहायता आदि के संबंध में पूछताछ कर उनकी समस्याओं को सुना गया।

दीक्षित ने उपस्थित बंदियों को बताया कि जिन बंदियों के पास अपने मुकदमों की पैरवी हेतु अधिवक्ता उपलब्ध नहीं है, वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन करके अपने मुकदमों की पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है।

# कांग्रेसियों ने किया बाबा साहेब को याद



बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोतम जोशी)।** संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के निर्वाण दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने कहा कि सुदृढ़, सशक्त एवं उन्नत भारत के निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। सामाजिक न्याय, समता एवं मानवाधिकारों के लिए उनके संघर्ष आज भी हम सभी के लिए प्रेरणादायी हैं। जिला सोशल मीडिया प्रभारी जर्रार खान ने बताया कि इस अवसर पर संगठन महासचिव दिनेश चौरासिया, मणिन्द्र बैरवा, अशोक महावर, सीपी मेहता, बरकात हसीन, सादात नक़वी, कमलेश चावला, किशन फगाडिया, आकाश बैरवा, विकास लोदी, शकील मियां, रामलाल संडीला, नवीन बैरवा, इमरान पहलवान, ओसाफ खान आदि के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अभिभाषक संघ के चुनाव 12 को,नामांकन 8 को भरे जाएंगे



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** अभिभाषक संघ के चुनाव को लेकर अभिभाषक संघ के तत्वावधान में न्यायालय परिसर में आमसभा का आयोजन हुआ। आमसभा में संघ के वार्षिक चुनाव को लेकर एडवोकेट दयाराम गुर्जर, एडवोकेट कौशल किशोर जाट व एडवोकेट राजमुरारी कुर्मी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। चुनाव अधिकारी एडवोकेट दयाराम गुर्जर, एडवोकेट कौशल किशोर जाट व एडवोकेट राजमुरारी कुर्मी ने बताया कि अभिभाषक संघ के चुनाव 12 दिसंबर को करवाना तय किया गया। चुनाव हेतु अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष व पुस्तकालय अध्यक्ष के पद हेतु 8 दिसंबर को आवेदन पत्र भरे जाएंगे। उसी दिन आवेदन पत्रों की जांच व नाम वापसी भी रहेगी। नामांकन पत्रों की जांच व नाम वापसी के पश्चात शेष रहे उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी। आम सभा में सभी अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# "वोट चोरी" रोकने के महाअभियान एवं "वोट चोर गद्दी छोड़" अभियान को कांग्रेस की बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोतम जोशी)।** एआईसीसी के आह्वान पर विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया में ''वोट चोरी'' रोकने के महाअभियान एवं ''वोट चोर गद्दी छोड़'' अभियान को लेकर दिल्ली में प्रस्तावित महारैली की तैयारी हेतु जिला कांग्रेस कमेटी टोंक द्वारा निवर्तमान अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य रूप से टोंक जिला संगठन प्रभारी रैली समन्वयक आमेर विधायक प्रशांत शर्मा उपस्थित रहे। प्रशांत शर्मा ने कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का आव्हान करते हुए कहा कि दिल्ली में होने वाली महारैली एक ऐतिहासिक रैली होगी, जिसमें लाखों की तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि हम सब कांग्रेसियों का दायित्व की हम रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। उन्होंने टोंक जिलाध्यक्ष एवं ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों को अपने क्षेत्र में सक्रिय रूप से रहकर कार्यकर्ता पदाधिकारी को अधिक से अधिक संख्या में ले जाने के लिए कहा। टोंक विधानसभा प्रभारी डॉक्टर सुमित गर्ग, निवाई पीपलू विधानसभा प्रभारी राजेंद्र चौधरी, हरि प्रसाद बैरवा, के सी मीणा, किशन फगोडिया, संगठन महासचिव दिनेश चौरासिया, ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद बेग, निवाई ब्लॉक अध्यक्ष शंकर चौधरी, नगर अध्यक्ष सतीश शर्मा, मालपुरा ब्लॉक अध्यक्ष गोगाराम, उनियारा ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश धाकड़, युसूफ यूनिवर्सल, रामलाल संडीला, कमलेश चावला आदि लोगों ने अपने- विचार व्यक्त किया। जिला सोशल मीडिया प्रभारी जर्रार खान ने बताया कि इस अवसर पर शिवजी राम, मीणा सेवा दल अध्यक्ष अब्दुल खालिक, राधेश्याम मरूठा, आमिर फारूक, ओसाफ खान, अशरफ गुरु, मनिंदर बैरवा, बरकात हसीन, शहादत नकवी, विनोद बैरवा, मुकेश माली, धर्मराज गुर्जर, भैरव लाल, सीताराम माहुर, रोनीत जैन, इमरान पहलवान एवं नवीन बैरवा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना 1094 वें दिन भी रहा जारी

### एनजीटी के निर्णयों की पालना नहीं होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त, सोमवार से कलेक्ट्रेट कार्यालय पर भूख हड़ताल पर बैठेगें ग्रामीण

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जोधपुरा संघर्ष समिति द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ दिया जा रहा अनिष्चितकालीन धरना शनिवार को लगातार 1094 वें दिन भी बदस्तुर जारी रहा। धरने पर सचिव कैलाश यादव व प्रभुदयाल गुरुजी ने कहा कि खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा एनजीटी के निर्णयों की पालना नहीं की जा रही हैं। इसको लेकर ग्रामीण सोमवार से जिला कलक्टर कार्यालय पर भूख हड़ताल पर बैठेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) भोपाल द्वारा पारित निर्णय में जिला कलक्टर को आदेशों की सुनिश्चित अनुपालना हेतु पाबंद किया गया है। उक्त आदेश की पालना में एसडीएम कोटपूतली ने संबंधित सभी विभागों तथा अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के विरुद्ध निर्देश जारी करते हुये यह सुनिश्चित करने के लिये कहा था कि गांव, स्कूल, मंदिर तथा अन्य संवेदनशील संरचनाओं से 500 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार की ब्लास्टिंग नहीं की जायें। इस निषेध क्षेत्र का सीमांकन करने हेतु खनिज विभाग एवं तहसीलदार की टीम द्वारा जोधपुरा संघर्ष समिति के सदस्यों की उपस्थिति में निशान लगाये गये। अल्ट्राटेक को प्रतिबंधित क्षेत्र में ब्लास्टिंग रोकने व चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिये गये। लेकिन उक्त निर्णयों एवं आदेशों का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है। रात्रिकालीन समय में ध्वनि प्रदूषण एवं गंभीर प्रदूषण से नींद लेना भी मुश्किल हो रहा है। दमा, श्वांस, एलर्जी कि बिमारियों से जीना मुश्किल हो गया है। सीमेंट प्लांट पर करीब 100 करोड़ रूपये की अवैध खनन (लाईमस्टोन पत्थर चोरी) की पैनल्टी निकाली गई। परन्तु बाद में केवल 37 करोड़ में मामला सैटल कर लिया गया। इसकी सम्पूर्ण जांच पत्रावली की सूचना उपलब्ध करवाई जावें। इस दौरान समिति उपाध्यक्ष सतपाल यादव, हरभगत बाबूजी, लीलाराम यादव, दिनेश यादव, विजय यादव, रामनिवास योगी, अजय योगी, लीलाराम योगी, हरिराम यादव, रामनिवास वर्मा, श्रीपाल यादव, राकेश योगी, सचिन यादव, मूलचंद योगी, प्रकाश सोरेला, हरिसिंह सोरेला, सीताराम आर्य, सूबेसिंह मीणा, भूपसिंह धानका समेत ग्रामीण महिलायें मौजूद रही।

## राजस्थान पुजारी महासंघ के तत्वाधान में राधा कृष्ण की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा हुई

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शनिवार को राजस्थान पुजारी महासंघ के तत्वाधान में बनिया का बाग मंदिर में राधा कृष्ण की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कराई पुजारी महासंघ के पंडित विवेकानन्द शर्मा ने बताया कि पिछले दिनों राधा कृष्ण की मूर्ति तोड़ी गई थी इसमें राजस्थान पुजारी महासंघ के अथक प्रयासों से मंदिर प्रांगण में विधिवत उपचार एवं मंत्रोच्चारण से भगवान राधा कृष्ण की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मंदिर प्रांगण में हवन एवं पूजा पाठ किए गए बैंड बाजों से पूरे मोहल्ले में शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुजारी महासंघ के अध्यक्ष आचार्य राजेंद्र शर्मा जी ने की और संघ के सभी पदाधिरीगण उपस्थित रहे जिसमें पंडित विवेकानन्द शर्मा, राजकुमार शर्मा, कंचन शर्मा, योगानंद शर्मा, अनिल शर्मा, योगेश शर्मा, राधाकृष्ण गोस्वामी, बृजबिहारी शर्मा, अनिल शर्मा,नवीन शर्मा,मंदिर पुजारी खुशी राम शर्मा आदि उपस्थित रहे। इस आयोजन में पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग रहा अतः राजस्थान पुजारी महासंघ पुलिस प्रशासन का भी धन्यवाद ज्ञापित करती है।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शनिवार को रोटरी क्लब अलवर शौर्य के सौजन्य से सपना शिक्षालय, विजय मंदिर में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के बारे में विस्तार से समझाया गया।

प्रतियोगिता में लगभग 90 बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी छात्राओं द्वारा बनाए गए स्लोगन अत्यंत सराहनीय रहे। रोटरी क्लब शौर्य की अध्यक्ष सुश्री नीतू गोगिया ने बालिकाओं की रचनात्मक सोच एवं प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब की ओर से सुश्री अलका सिंहए सुश्री मनीषा यादव एवं एडवोकेट दया गर्ग ने सहभागिता की। सभी ने बालिकाओं द्वारा तैयार किए गए स्लोगन देखे और प्रतियोगिता का परिणाम तैयार कराया। विजेता बालिकाओं को पुरस्कार प्राप्त कर अत्यंत प्रसन्नता हुई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्कूल स्टाफ़ का सहयोग उल्लेखनीय रहा। आयोजित यह स्लोगन प्रतियोगिता एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में रोटरी क्लब अलवर शौर्य का योगदान अत्यंत प्रशंसनीय है।

## जिला अभिभाषक संघ के चुनाव 12 दिसंबर को,कुल 35 प्रत्याशी मैदान में

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला अभिभाषक संघ के चुनाव 12 दिसंबर को होने तय हुए हैं नामांकन प्रक्रिया के तहत शनिवार दोपहर को नाम वापसी समय का निर्धारित समय था निर्धारित समय सीमा में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी महादेव प्रसाद जांगिड़ एडवोकेट ने अपना नाम वापस ले लिया इसके बाद अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी ही चुनाव मैदान में रह गए हैं तथा नाम वापसी का समय समाप्त होने के बाद चुनाव के लिए निम्न 35 प्रत्याशी विभिन्न पदों के लिए अंतिम नामांकन सूची में शामिल है इस दौरान सलाहकार चुनाव समिति के जनार्दन शर्मा एडवोकेट एवं अशोक शर्मा एडवोकेट व सभी निर्वाचन अधिकारी अनिल नरूका एडवोकेट, दिनेश यादव एडवोकेट, कृष्ण कुमार मेघवाल एडवोकेट, राजेश कुमार गुप्ता एडवोकेट, धार अजय एडवोकेट मौजूद रहे। तीन प्रत्याशियों में राकेश कुमार शर्मा( बिट्टू ) अजय यादव और अभिमन्यु चौहान अध्यक्ष पद के लिए, उपाध्यक्ष पद के लिए आशीष खंडेलवाल,राम लखन बैसला, किशन सेन,सुधीर कुमार यादव और सतीश कुमार शर्मा( तिवारी )। सचिव पद के लिए रामकिशन,जितेंद्र कुमार शर्मा (जीतू) व श्रवण सिंघल । कोषाध्यक्ष पद के लिए नरेश कुमार सैनी, अनिल कुमार शर्मा, प्रीतम सिंह, मोहित कौशिक, सर्वेश कुमार चौधरी, कृष्ण कुमार शर्मा ,मुकेश गौड । संयुक्त सचिव के लिए गौतम ऋषि प्रकाश, जय श्री चौधरी, विवेक यादव, यशपाल शर्मा, श्याम सुंदर। पुस्तकालय सचिव के लिए सिकंदर चौधरी व सीमा मुखीजा । सदस्य कार्यकारिणी अजय कौशिक, लक्ष्य मीमरोट, मयंक नरूका,अशोक कुमार मीणा, दीपक शर्मा, संजय यादव, किरण सैनी, पूनम यादव, शब्बीर खान और विशाल सिंह ढिल्लों रहे हैं ।नामांकन प्रक्रिया 12 दिसंबर को प्रातः 8 बजे से साइकिल बजे तक रहेगी और मतगणना 12 दिसंबर को ही सायः 4:30 बजे से होगी।

## गौशाला समिति के पदाधिकारियों औऱ कार्यकताओं ने किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित श्री गिरधारी दास गोशाला समिति के पदाधिकारियों द्वारा श्री श्याम मंदिर जमुना नदी में चल रही भागवत कथा के छठे दिन के कार्यक्रम में पहुंचकर कथा वाचक दीदी सुधा जी एवं श्याम सुमन मंडल के पदाधिकारियों का स्वागत किया। श्री गिरधारी दास गौशाला समिति के पदाधिकारी प्रकाश रावत, महेश ढांचोंलिया रघुवीर सिंह शेखावत,ललित जांगिड़, सतीश ऐरन कपड़वाला अशोक ऐरन हलवाई, नमोनारायण जैन, ओमप्रकाश कटारिया, आलोक जैन, दिनेश सिंगल , शुभम सिंगल, रघुवीर सिंह शेखावत, गिरधारी टेलर सैनी , महेश सैन प्रधान,सुमन पंसारी, सुमन कंवर कथा वाचक व्यास जी का स्वागत किया एवं समिति द्वारा 21000/= नगद सहयोग किया। कथावाचक सुधा गोस्वामी ने एवं श्याम सुमन मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गोशाला समिति के पदाधिकारियों का स्वागत एवं आभार प्रकट किया। श्याम मंडल के अध्यक्ष दारा सिंह,सतीश ऐरन, अनूप बोहरा, अशोक सैनी ने गौशाला समिति के सदस्यों का आभार एवं स्वागत किया।

## खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में अलवर की मुक्केबाज चारु यादव को स्वर्ण पदक मिला

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** भरतपुर में 1 दिसंबर से 5 दिसंबर तक आयोजित हो रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में अलवर की प्रतिभाशाली मुक्केबाज चारु यादव ने फाइनल मुकाबले में दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर उन्होंने एक के बाद एक मुकाबलों में जीत दर्ज कर यह उपलब्धि हासिल की। चारु यादव की इस शानदार सफलता से अलवर जिले का गौरव राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है। स्वर्ण पदक जीतने पर अलवर जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष दिनेश भार्गव, सचिव देवेंद्र सिंह रावत, एवं पदाधिकारी भूपेंद्र सिंह राठौड़, साधना शर्मा, मनीष सैनी, संजीव शर्मा, गिरीश शर्मा,दीपक प्रजापत, हुकुम सिंह गौड, कीर्ति भटनागर आदि ने चारु यादव को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि यह उपलब्धि जिले की अन्य महिला एवं युवा खिलाडयिों को भी प्रेरित करेगी और बॉक्सिंग खेल को नई दिशा प्रदान करेगी। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में टेक्निकल ऑफीसर अजीत यादव एवं गौरव सैनी रहे और अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

## नारेहड़ा में सेना में चयनित छात्रों का सम्मान, एसपी विश्नोई ने दिया प्रेरक संदेश



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** नारेहड़ा के विवेकानन्द उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार को भारतीय सेना में चयनित विद्यालय के के पूर्व छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चयनित छात्र नितिन सैन पुत्र बलबीर सैन, देवांश शर्मा पुत्र राजेश कुमार शर्मा तथा पंकज सिंह पुत्र शेरसिंह को साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई ने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन के नकारात्मक प्रभावों से बचने की सलाह दी तथा छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों को भी बच्चों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने का सुझाव दिया तथा चयनित युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सरुण्ड थाना प्रभारी यशपाल सिंह ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित कर उसके लिए सतत प्रयास करते रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विद्यालय निदेशक रतनलाल सैनी ने सभी अतिथियों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार ने चयनित तीनों छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की।

## बेटी अपनाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम के तहत जरूरतमंद विद्यार्थियों को पाठ्य साम्रमी वितरण की



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** बेटी अपनाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय न-2, दिल्ली दरवाजा अलवर के शिक्षक गण और शहीद भगतसिंह सेवा संस्था के द्वारा गोद ली गई सरकारी स्कूल में पढने वाली अनाथ जरूरतमंद बेटियों को उनकी पढ़ाई व अन्य दैनिक सुविधाओं में काम आने वाली सामग्री वितरण की गई। इन सभी बेटियों को अप्रत्यक्ष रूप से जिन अभिभावक गणों ने गोद लिया है वो देश या विदेश में प्रिंसिपल, शिक्षक, प्रोफेसर, मैनेजर, इंजीनियर आदि पद पे कार्यरत है। संस्था संचालक व अध्यक्ष इंजी0मनमोहन सिंह ने बताया कि संस्था का प्रयास है कि इन सभी बच्चों को चिकित्सा सुविधाए उच्च से उच्च शिक्षा व सरकारी नौकरियों हेतु निरंतर मार्गदर्शन दिया जाएगा और निकट भविष्य में ऐसे ही करीब 100 अनाथ बच्चे बच्चियां और गोद लिए जाएंगे। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य लोकेश सैनी शिक्षिका बिना शर्मा, अल्पना सोनी, मंजू नैन अभिभावक संगीता व ममता तथा इंजी मनमोहन सिंह आदि शामिल रहे।

## संगोष्ठी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के राजकीय एलबीएस पी. जी. महाविद्यालय में शनिवार को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर सामाजिक समरसता दिवस के साथ संगोष्ठी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने की। कार्यक्रम का आयोजन एन.एस.एस. जिला समन्वयक अशोक सिंह के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। संकाय सदस्यों, अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने अंबेडकर के भारत निर्माण में दिए गए योगदान को नमन किया। मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. अंबेडकर जी के जीवन दर्शन, संविधान निर्माण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका, सामाजिक न्याय की स्थापना हेतु उनके सतत संघर्ष तथा शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

## अपनाघर शालीमार में भव्य तोरण द्वार स्वागत द्वार की तैयारियां शुरू

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** अलवर की सबसे बड़ी सोसायटी अपना घर शालीमार 30 बीघा में खाटू श्यामजी की तर्ज पर भव्य तोरण द्वार स्वागत द्वार का निर्माण किया जाएगा। भव्य तोरण द्वार का शिलान्यास शनिवार को श्री राम स्वरूप जी महाराज निज पुजारी मूंड धाम के पावन सन्निध्य में नींव रखी । उपरांत विशाल अन्नकूट भंडारा का आयोजन किया गया । इस मौके पर श्री श्याम मोरछड़ी मित्र मंडल के उपाध्यक्ष जितेंद्र सेतिया ने बताया कि तोरण द्वार नींव मुहूर्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाटू नरेश बाबा श्याम जी रहे व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघलए अपना घर शालीमार के डायरेक्टर अशोक सैनी व जीतू माली अध्यक्ष एवं संस्थापक अखिल भारतीय स्वास्थ्य सेवा दल खाटू धाम रहे। यह स्वागत द्वार खाटू श्याम जी की तर्ज पर बनाया जाएगा। यह तोरण द्वार 32 फुट लंबा व 30 फुट चौड़ा होगा यह अलवर जिले के श्याम भक्तों के लिए गौरव की बात है। यह तोरण द्वार अपना घर शालीमार स्थित श्री राम श्याम मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं का मुख्य पॉइंट होगा। सबसे ऊपर बाबा श्याम का प्रतीक श्याम निशान लगाया जाएगा। वही कोषाध्यक्ष लता सैन ने बताया कि 19 दिसंबर को भव्य निशान यात्रा व चांदी के रथ पर विराजमान बाबा श्याम की रथयात्रा निकाली जाएगी ओर 20 दिसंबर 2025 को बाबा श्याम का भव्य श्री श्याम संकीर्तन किया जाएगा। श्री श्याम संकीर्तन में कोलकाता से जय शंकर चौधरी, दिल्ली से राधिका ठाकुर, दिल्ली से सोनी सिस्टर्स, अलवर से भाई महेंद्र अमन, कमल कान्हा व दिल्ली की ध्वनि म्यूजिकल गुरप अपनी स्वर लहरियों से बाबा को मीठे मीठे भजनो से रिझायेगे, वही मंच संचालक राजकुमार दादवानी द्वारा किया जाएगा।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन

# दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रैली की तैयारियों पर की चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रव्यापी महाभियान वोट चोर गद्दी छोड़ को लेकर आगामी 14 दिसम्बर रविवार को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रैली की तैयारियों को लेकर जिला प्रभारी फूलसिंह ओला के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को डाक बंगला परिसर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता नवनियुक्त जिलाध्यक्ष इन्द्राज सिंह गुर्जर ने की। बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली रैली की तैयारियों को लेकर व्यापक रूप से चर्चा की गई। संगठन महामंत्री वी के नवल ने बताया कि ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंद सैनी, एड. सतीश निमोरिया, विकास यादव, विकास सिंह शेखावत, महेन्द्र रैगर, प्रधान महादेव यादव, भीमसिंह गुर्जर, राजू रैगर, यासीन खान आदि ने अपने-अपने क्षेत्रों के सभी मंडल अध्यक्षों, बूथ अध्यक्षों को रैली में बढ़ चढक़र हिस्सा लेने व कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में लाने की जिम्मेदारी दी। संचालन ब्लॉक अध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन प्रकाश चंद सैनी ने किया।

इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुन्तला रावत, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, मुंडावर विधायक ललित यादव, पूर्व विधायक रामचंद्र रावत, पूर्व विधायक बलजीत यादव, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेष महासचिव भीम पटेल, कांग्रेस नेता रामनिवास यादव व सांवत गुर्जर, पीसीसी महासचिव देव कसाना, कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेष महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा, एससी विभाग जिलाध्यक्ष तारा पूतली, पूर्व पार्षद हनुमान सैनी, पं. किशोरी लाल शर्मा, सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष जगमाल सिंह यादव, मालीराम कसाणा, जगदीश मीणा, कांग्रेस प्रत्याशी रहे आर सी यादव, संजय यादव, बाबूलाल कसाना, मेहरसिंह धनकड़, रामेष्वर रावत, राजेन्द्र पारीक, इंजी. दिनेश मीणा, सरपंच अरविंद यादव, कमल मीणा,रामसिंह सिनेटर, अशोक रावत, ओपी बायला, दिनेश शर्मा, मुकेश मुक्कड़, सेवा दल जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, जगदीश मीणा, डॉ. सोहनलाल यादव, बजरंग यादव, गोपाल सिंह, बंषी गुर्जर, अशोक आर्य, सचिन गौड़ समेत बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## किशनपुर तकिया में नरेगा साइट पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(विनोद गौड़)।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटा, गीता चौधरी द्वारा ग्राम पंचायत किशनपुर तकिया में नरेगा साइट पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्नेहा यादव, चेष्ठा विजयवर्गीय (लॉ इंटर्न) और दीपक मेट सहित नरेगा साइट की महिला श्रमिक उपस्थित रहीं।

शिविर में सचिव श्रीमती गीता चौधरी ने महिला श्रमिकों को बाल विवाह, कम उम्र में गर्भधारण, मानसिक स्वास्थ्य, प्री मैच्योर डिलीवरी, घरेलू हिंसा, जबरन श्रम और उनके संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही ''न्याय आपके द्वार - लोक उपयोगिता समस्याओं का त्वरित समाधान'' अभियान के अंतर्गत पानी, बिजली, सडक़, स्वास्थ्य, शिक्षा, भूमि, एलपीजी आदि सेवाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु शिकायत प्रपत्र और व्हाट्सएप/हेल्पलाइन प्रक्रिया समझाई।

महिला श्रमिकों को 1091 महिला सुरक्षा, 112 इमरजेंसी और 15100 निशुल्क विधिक सहायता नंबर की जानकारी भी दी गई। लॉ इंटर्न्स ने महिलाओं के लिए उपयोगी कानूनी प्रावधानों पर भी विस्तार से मार्गदर्शन किया।

## सीमा अरविंद बगडिय़ा बनीं अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (श्याम गौड़)।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप वर्धमान, कोटा की बैठक में सीमा अरविंद बगडिया को वर्ष 2026 के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। बैठक में सुरेश हरसोरा, अनिल ठौरा और महावीर बरमुंडा सहित सदस्य उपस्थित रहे। महावीर बरमुंडा ने वार्षिक गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। सीमा जैन ने संगठन को और प्रभावी बनाने का संकल्प व्यक्त किया। 14 दिसंबर को स्नेह मिलन में कार्यकारिणी घोषित होगी, जबकि 11 जनवरी को रीजन सम्मेलन में शपथ ग्रहण होगा।

## मनोज दुबे ने किया कांग्रेस सेवादल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र जोशी का स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.सं.)।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव महेंद्र जोशी के कोटा आगमन पर शहर एवं देहात कांग्रेस सेवादल के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज दुबे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका सूत की माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेंद्र जोशी और मनोज दुबे के बीच हाड़ौती की राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तृत चर्चा हुई। मनोज दुबे ने जोशी को हाड़ौती संभाग में खाद की कमी से जूझ रहे किसानों की समस्याओं से अवगत कराया।

## ओबीसी मोर्चा महासचिव सहित पदाधिकारियों ने डोटासरा से की मुलाकात



बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.सं.)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से कोटा के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर नई नियुक्तियों पर आभार जताया। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महासचिव विनोद पारेता ने संगठन में नए दायित्व के लिए धन्यवाद देते हुए पूर्ण ऊर्जा से काम करने का विश्वास दिलाया। पारेता ने कहा कि कोटा संभाग में कांग्रेस मजबूत स्थिति में है और अंता उपचुनाव ने संगठन की एकजुटता सिद्ध की है। पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि आगामी नगर निगम चुनाव में कांग्रेस बोर्ड बनेगा। मुलाकात के दौरान देशराज मीणा, यसवीर शूरा, अनूप ठाकुर, विजय सिंह राजू सहित कई नेता उपस्थित रहे।

## कृषक रजिस्ट्री व एसडीआरएफ कार्यों की कलक्टर ने की समीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (विनोद गौड)।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, कृषक रजिस्ट्री, फार्मर रजिस्ट्री कार्ड, एसडीआरएफ प्रस्तावों, फसल खराबे के आदान अनुदान, मतदाता सूची शुद्धिकरण तथा डिजिटाइजेशन कार्यों की विभागवार समीक्षा की।

कलक्टर समारिया ने रथ यात्रा, सेवा शिविर, सडक़ सुरक्षा अभियान, प्रदर्शनी, महिला व किसान सम्मेलन, रन फॉर विकसित राजस्थान तथा सुशासन दिवस जैसे कार्यक्रमों की तैयारियों को समयबद्ध व समन्वित रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीआरएफ के तहत क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों के प्रस्तावों पर प्रगति की समीक्षा करते हुए टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। फसल खराबे से जुड़े आदान अनुदान पर कहा गया कि कोई भी पात्र किसान वंचित न रहे तथा सभी रिकॉर्ड समय पर पोर्टल पर अपलोड हों। उन्होंने स्ढ्ढक्र डिजिटाइजेशन कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने और मृतक मतदाताओं के नाम हटाने के लिए विकसित यूआरएल लिंक के प्रभावी उपयोग पर भी जोर दिया।

### नशा माफियाओं पर झालावाड़ पुलिस की आर्थिक सर्जिकल स्ट्राइक

# ऑपरेशन दिव्य प्रहार में 71 तस्करों की 125 करोड़ की संपत्ति फ्रीज, करीब 4 करोड़ रु मूल्य के वाहन भी किए जब्त

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** जिला पुलिस अधिक्षक अमित बुडानिया के नेतृत्व में ऑपरेशन दिव्य प्रहार के तहत् नशा माफियाओ पर तगड़ा प्रहार किया है। इसके तहत झालावाड़ पुलिस द्वारा बीते 4 महीने में 71 नशा तस्करों व उनके सहयोगियों को गिरफ्तार कर उनके द्वारा नशा तस्करी कर अर्जित की गई, 125 करोड़ की काली कमाई को भी फ्रीज किया गया है। झालावाड़ पुलिस की नशा माफियाओं पर की गई आर्थिक सर्जिकल स्ट्राइक से तस्करों की कमर टूट गई है। झालावाड़ पुलिस की इस कार्रवाई से जिले में पनप रहे नशा माफियाओ का काला साम्राज्य भी अब पूरी तरह खाक होता दिखाई दे रहा है। मामले को लेकर आज झालावाड़ पुलिस अधीक्षक अमित बुडानिया ने मिनी सचिवालय परिसर में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया, जिसमें पुलिस अधिकारियों सहित 200 के करीब महिला व पुलिस कांस्टेबल भी मौजूद रहे। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए झालावाड़ पुलिस अधीक्षक अमित बुडानिया ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए झालावाड़ पुलिस ने ऐसे अपराधों से अर्जित संपत्तियों के विरुद्ध ऐतिहासिक कार्रवाई की है। मादक पदार्थ तस्करी के साम्राज्य को नेस्तनाबूद करने के लिए ऑपरेशन दिव्या प्रहार से नशा



माफियाओं की जड़ों पर पुलिस ने गहरा वार किया है। इसके तहत पुलिस द्वारा न केवल नशा माफियाओ की गिरफ्तारी की गई, बल्कि उनके द्वारा नशे के कारोबार से अर्जित की गई काली कमाई को भी नष्ट किया गया है, जिसके दम पर नशा माफिया समाज में और आमजन पर अपना रसूख जमाते थे। ऑपरेशन दिव्य प्रहार के तहत झालावाड़ पुलिस द्वारा बीते 4 महीना में नशा कारोबार से जुड़े 71 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें 16 बड़े नशा तस्कर की गिरफ्तारी की, तो वहीं उनके 55 सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा इस दौरान 8 करोड़ 40 लाख रुपए मूल्य के मादक पदार्थ की बरामदगी की गई। झालावाड़ पुलिस ने इस दौरान 31 लाख 95 हजार रुपए नगदी, तथा नशा तस्करों की 16 बाइक, 10 कारें, एक ट्रक और एक कंटेनर भी जप्त किया। जिनकी अनुमानित कीमत करीब 4 करोड रुपए बताई गई है। झालावाड़ पुलिस ने नशा माफियाओं पर सबसे तगड़ा प्रहार उनके द्वारा नशा कारोबार करके कमाई गई काली संपत्ति को नेस्तनाबूद करना रहा। जिसके तहत झालावाड़ पुलिस द्वारा इन नशा तस्करों के करीब 125 करोड रुपए मूल्य के आलीशान मकान, फार्म हाउस, पेट्रोल पंप सहित कृषि भूमि को भी फ्रीज करवा दिया गया है। नशा माफियाओं द्वारा सरकारी संपत्ति पर भी अवैध तरीके से किए गए आलीशान निर्माणों को झालावाड़ पुलिस ने प्रशासन की मदद से जमींदोज करवा दिया। ऐसे में झालावाड़ पुलिस के ऑपरेशन दिव्य प्रहार से न केवल नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा गया, बल्कि उनके द्वारा काली कमाई से खड़े किए गए काले साम्राज्य को भी नेता जमींदोज कर दिया गया है। जिससे नशा माफियाओं की नस्ले भी आम लोगों को नशा बेचकर उनका जीवन बर्बाद ना कर पाए।

### अनक्लेम्ड एसेट्स के कुशल एवं त्वरित निपटान को सुगम बनाने के लिए

# आपकी पूंजी आपका अधिकार कैंप का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़(नि.स.)।** रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के निर्देशानुसार वित्तीय क्षेत्र में अनक्लेम्ड एसेट्स के कुशल एवं त्वरित निपटान को सुगम बनाने हेतु शुक्रवार को जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय सभागार में कैम्प आयोजित किया गया। कैंप को सम्बोधित करते हुए जिला कलक्टर ने बताया की बैंकों द्वारा रिजर्व बैंक द्वारा बैंक खातेए डिविडेन्डए म्यूचल फण्डए पेंशनए बीमा की दावाराहित राशियों को उनके उचित एवं संबंधित व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए आपकी पूंजी, आपका अधिकार योजना प्रारंभ की गई है। रिजर्व बैंक द्वारा अपने उपभोक्ताओं के लिए यह सकारात्मक पहल की गई है।



उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में इस कैंप के माध्यम से लाभ लेवें। कैंप में रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया की अग्रणी जिला अधिकारी मृदुला माहेश्वरी द्वारा मार्गदर्शन दिया गया।

अग्रणी बैंक प्रबंधक महेश सिसोदिया ने बताया की कैंप में जिले के सभी बैंकों द्वारा दावारहित वित्तीय संपतियों में 3 करोड़ रुपये के कुल 25 प्रमाण पत्र तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के 8 परिवारों तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के 2 परिवारों को 2.2 लाख के चेक का वितरण अतिथियों के माध्यम से किया गया।

कैंप में अतिथि के रूप में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भू दयाल मीणा, सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख गौरव त्यागी, भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अशोक कुमार, राजस्थान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सत्यनारायण बैरवा, आईसीआईसीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सौरभ सोनी, नाबार्ड के जिला विकास अधिकारी वासुदेव मीणाए जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शम्भू रावत, सभी बैंको के अधिकारीगण तथा आमजन उपस्थित रहे। अंत में अग्रणी बैंक प्रबंधक महेश सिसोदिया द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

## दादी मां, अमर रहे, इस सोच से पोते ने कराया नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ (नि.स.)।** शाइन इंडिया फाउंडेशन के ज्योति मित्र विशेष गौतम,ग्राम घाटोली,तहसील अकलेरा निवासी दादी मां कृष्णा गौतम का शुक्रवार देर रात कोटा के निजी अस्पताल में आकस्मिक निधन हो गया ।

दादी मां के साथ बेहद लगाव रखने वाले दोनों पोते भुवनेश और विशेष, दादी मां की मृत्यु से अत्यंत दुख में आ गए,उन्होंने अपने पिता राकेश और माँ ललितागौतम से कहा की, पिताजी यदि हम दादी माँ के नेत्रदान करते हैं तो,यह दादी मां के लिए एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी,और हमारी दादी माँ फिर किसी और की आँखों में जीवित रह सकेगी ।

परिवार की सहमति मिलने के बाद, पोते विशेष ने शाइन इंडिया के डॉ कुलवंत गौड़ को संपर्क कर माताजी के नेत्रदान का कार्य संपन्न करवाया । धर्म कर्म में आस्था रखने वाली कृष्णा भी, नेत्रदान के कार्यों के प्रति सकारात्मक सोच रखती थी, उनके भी यही विचार रहे हैं कि, व्यक्ति अपने कर्मों से महान बनता है और उसी अनुसार गति पाता है ।

संस्था शाइन इंडिया के,अकलेरा के शहर संयोजक,मंगलेश जैन ने,परिवार की नेक पहल के प्रति धन्यवाद देते हुए कहा कि,मृत्यु के समय दिवंगत के नेत्रदान का कार्य,ना सिर्फ परिवार का शोक कम करता हैं बल्कि,दिवंगत की पुण्य आत्मा को मोक्ष दिलाने में भी सहायक होता है । ज्ञात हो कि,ग्राम घाटोली का यह पहला नेत्रदान है।

## रिछडिय़ा ग्राम पंचायत में अव्यवस्था चरम पर, खुले में कचरा फेंकने से गायों की जान पर मंडराया संकट

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी/रिछडिय़ा।** रिछडिय़ा ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था की लापरवाही अब गंभीर रूप ले चुकी है। पंचायत क्षेत्र में खुले में कचरा फेंके जाने से जहां गांव का वातावरण दूषित हो रहा है, वहीं यह लापरवाही मवेशियों के लिए जानलेवा खतरा बनती जा रही है। गांव के कचरा ढेरों में भोजन की तलाश कर रही गायें पॉलीथीन और अन्य हानिकारक सामग्री खा रही हैं, जिससे कई मवेशियों के बीमार होने की जानकारी सामने आई है।



ग्रामीण दीपेंद्र सिंह ने बताया कि पंचायत की लापरवाही से हालात दिन-प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं। उन्होंने कहा गांव में खुले में कचरा फेंका जा रहा है, और गायें उसी कचरे में पड़ी पॉलीथीन खाकर अपनी जान जोखिम में डाल रही हैं। पंचायत जहां सफाई और पशु सुरक्षा की जिम्मेदार है, वही पंचायत की अनदेखी गायों को ज़हर खिला रही है। कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। इधर, इस मामले में रिछडिय़ा ग्राम पंचायत की सरपंच संतोष बाई ने भी ठेकेदार की कार्यशैली पर नाराजग़ी जताई। सरपंच ने बताया कि कचरा संग्रहण का जिम्मा संभालने वाला ठेकेदार नियमों के अनुसार कार्य नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा ठेकेदार अपनी मनमर्जी से खुले में कचरा डाल रहा है, जबकि ग्राम पंचायत में कचरा डालने के लिए निर्धारित प्वाइंट पहले से मौजूद है।

## राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन परीक्षा में नकल कराने वाले दो और अभियुक्त गिरफ्तार।

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(विनोद गौड़)।** थाना आरकेपुरम क्षेत्र स्थित केओटीए ऑनलाइन आईटी शिक्षा केंद्र में आयोजित केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की बहुउद्देशीय सेवक (एमटीएस) ऑनलाइन परीक्षा में नकल कराने वाले दो अभियुक्त गौरव कुमार मीणा (32, शिवाजी कॉलोनी, कोटा) और मदन सिंह उफऱ् मोनू (37, ग्राम लोटियाना, ब्यावर) को राजस्थान पुलिस ने दिनांक 5 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार किया। न्यायालय ने दोनों को 10 दिसंबर तक पुलिस अभिरक्षा (रिमांड) पर भेजा।

इससे पहले चार अन्य अभियुक्त नितिन पहाडिया, सूरज सिंह धनगर, विनय कुमार और सागर करूवान को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा



में भेजा जा चुका है। पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम (आईपीएस) ने बताया कि कुछ परीक्षार्थियों को पास कराने के लिए उत्तर पुस्तिकाएँ/उत्तर पर्चियाँ पकड़ा कर नकल करवाई गई थी। इस मामले में तकनीकी साक्ष्य, घटनास्थल पर भौतिक साक्ष्य और अन्य जानकारी जुटाई गई। अनुसंधान अभी जारी है।

पुलिस टीम में थानाधिकारी महेंद्र मारू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रईस मोहम्मद, साइबर टीम और डीएसटी (जिला विशेष टीम)शामिल रही। अभियुक्तों को न्यायिक प्रक्रियाके तहत आगे की कार्रवाई के लिए प्रस्तुत किया गया।

### कर्मचारी महासंघ (एकीकृत) की बैठक में बनी आंदोलन की रूपरेखा

# वेतन व पदोन्नति विसंगतियों पर 26 दिसंबर को जयपुर में धरना



बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (विनोद गौड)।** राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ (एकीकृत) कोटा जिला इकाई की बैठक नयापुरा स्थित जेके पेवेलियन में हुई, जिसमें राजस्थान कौंसिल डिप्लोमा ऑफ इंजीनियर्स सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वर्षों से लंबित वेतन एवं पदोन्नति विसंगतियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

महासंघ प्रमुख महेंद्र सिंह चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर 26 दिसंबर को जयपुर में विशाल धरना आयोजित किया जाएगा। इसके लिए 26 दिसंबर जयपुर चलो का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में डीपी चौधरी, इंजीनियर दिक्षांत मित्तल, रमेशचंद्र शर्मा, हंसा त्यागी, विमल नागर, जीतेन्द्र यादव, विकास व्यास, केके यादव, साबिर रजा, अशोक बमनावत सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आप हमेशा ईश्वर के कैमरे की नजर में है

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(विनोद गौड़)।** कोटा आर्य समाज कुन्हाड़ी वेदाश्रम ,121 यूआईटी स्कीम ,कुन्हाड़ी रामकृष्ण, मन्दिर के सामने ,नाका चुंगी के पास कुन्हाड़ी, कोटा में 9 दिवसीय ऋग्वेद महापारायण यज्ञ में 7 दिन से रोज सुबह शाम 10 किलो गाय के शुद्ध घी एवं रोज 20 किलो सामग्री से अलग अलग 5 जोड़े दम्पत्ति यज्ञमान सुबह शाम यज्ञ में आहुति दे रहे हैं और साथ में आये हुए आर्यगन भी यज्ञ में आहुति दे रहे है यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य शुचिषद् मुनि वानप्रस्थ एवं ब्रह्मचारी अनुव्रत ,ईशान्त ऋग्वेद के मन्त्रो को सुमधुर बोलकर आर्यगनो से आहुतियां दिला रहे है यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य शुचिषद् मुनि वानप्रस्थ बीच बीच में ऋग्वेद के मन्त्रो की व्याख्या एवं वेदकथा कर रहे है । यज्ञ में आचार्य शुचिषद् मुनि ने ऋग्वेद के मन्त्रो की व्याख्या कर बताया की ईश्वर से निकटता रखो सब काम अच्छे होंगे । ईश्वर का कैमरा हमेशा हमको देख रहा है चाहे आप कही भी चले जाएं पर लोग नकली कैमरे से डरते है जिसकी लीड निकाल दो तो वो बन्द हो जाता है पर ईश्वर के कैमरे को दुनिया का कोई व्यक्ति बन्द नहीं कर सकता फिर भी लोग ईश्वर से नहीं डरते । आज का इन्सान इन्सान से तो डरता है की वो न देख लें पर ईश्वर से नहीं डरता जो हर वक्त हमेशा देखता रहता है । आदमी सोचता है की कोई नहीं देख रहा है इसलिये चोरी ,डकैती ,भ्रष्टाचार करता है पर आदमी सोच ले की कोई देख रहा है की नहीं पर ईश्वर तो देख ही रहा है तो गलत काम करे ही नहीं । सब जगह यह लिखना चाहिए की आप हमेशा ईश्वर के कैमरे की नजर में है । तत् पश्चात भजनोपदेशक सुकान्त आर्य ने ईश्वर की महिमा, ऋषि की महिमा , मां बाप की सेवा करनी चाहिए पर बहुत ही मधुर भजन सुनाएं भजन सूनकर श्रोतागण मन्त्रमुग्ध हो गये । अन्त में शान्ति पाठ के बात कार्यक्रम का समापन हुआ ।

## कांग्रेस कार्यालय पर श्रद्धापूर्वक मनाई बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 69 वीं पुण्यतिथि

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 69 वीं पुण्यतिथि निर्वाण दिवस के रूप में जिला कांग्रेस कार्यालय पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉक्टर अंबेडकर जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात आयोजित गोष्ठी में अंबेडकर जी के जीवन चरित्र पर विभिन्न वक्ताओं ने विस्तार पूर्वक चर्चा की। गोष्ठी में बोलते हुए वक्ताओं ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी को देश का प्रथम कानून मंत्री बताते हुए कहा कि देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से भी बाबा साहब को नवाजा गया। उनके द्वारा बनाए गए संविधान को विश्व का सबसे मजबूत संविधान बताया। वक्ताओं ने भारतीय संविधान में देश के प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री द्वारा की जा रही छेड़छाड़ तथा वोट चोरी को लेकर केंद्रीय भाजपा सरकार की कड़े शब्दों में आलोचना की। कार्यक्रम का संचालन संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने किया तथा आभार प्रदर्शन शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी ने किया। विचार व्यक्त करने वालों में श्रीभगवान कटारा, बबीता शर्मा, निरंजन जघीना, अजयपाल दारापुरिया, भरत गादोली, राकेश पठानिया, चंद्रभान फौजदार,अशोक तांबी,हरिमोहन शर्मा, मुस्ताक अहमद, प्रेम प्रजापत,सतपाल सरदार, दिनेश सोगरवाल, धर्मप्रिय शर्मा, देवांशु शर्मा,शिवसिंह, बासुदेव शर्मा, भरत शर्मा, मनु शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 23 दिसम्बर को भरतपुर में आयोजित होगा गूंज कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** रोटरेक्ट क्लब ऑफ भरतपुर प्राइड द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरेक्ट क्लब ऑफ भरतपुर प्राइड भरतपुर के परिवारों को सूचना देना है कि रोटरेक्ट क्लब ऑफ भरतपुर प्राइड द्वारा आयोजित दिल्ली गुड़गांव की तर्ज पर एक शानदार प्रोग्राम का आयोजन भरतपुर में किया जा रहा है जो कि गूंज के नाम से आयोजित होगा। यह प्रोग्राम 23 दिसंबर को भरतपुर स्थित सिद्धेश रिसोर्ट में मनाया जायेगा। कार्यक्रम शाम 6.30 बजे से 10 बजे तक आयोजित होगा। प्रोग्राम में चार चांद लगाने के लिए कार्यक्रम में लाइव सिंगर डांसर जेस्लिन मथारू अपने शानदार सॉन्ग व डांस से भरतपुर में चार चांद लगाएगी भरतपुर वालो को नाचने ऐंकर श्रुति कुलश्रेष्ठ डी जे बेस बैंड सुपर सरदार बॉयज करेंगे भरतपुर में धमाल। कार्यक्रम में एंट्री फीस 2000रु निर्धारित की गई है जिसमें हसबैंड वाइफ साथ में 10 साल तक के 2 बच्चे रहेंगे कूपन में एंट्री फीस 1500रु व 500 का फूड कूपन रहेंगा, कार्यक्रम में 10 साल से ऊपर के बच्चे का 1000रु की एंट्री फीस निर्धारित है।

### गूंज की टिकट 4 प्रतिष्ठान निर्धारित

शिनाज ब्यूटी पार्लर,पाई बाग, साई बैंकर्स,सूरज पोल गेट, लक्खोमल संतोष कुमार अनाह गेट बजरिया अम्बे सेल्स नई मंडी।



कार्यक्रम में संस्था का विशेष सहयोगी पार्टनर संस्कार निकेतन स्कूल, गोपाल भोग आटा दीनदयाल फूड इंडस्ट्रीज, अनिल कुमार एंड सस सीसीटीएस कैमरा वाले प्रोग्राम में मुख्य अतिथि रूप से मौजूद रहेंगे। प्रोग्राम में टिकट सीमित हैं,जो पहले आओ पहले पाओ के सिद्धांत से विक्रय की जाएंगी सभी जल्दी से लेकर अपनी टिकट बुक कराए और कार्यक्रम का आनंद ले।

## पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण,

### संबंधित पुलिस अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान द्वारा शनिवार को पुलिस लाइन का निरीक्षण किया, इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री वैभव शर्मा भी साथ रहें। इस मौके पर उन्होंने वहां अलग-अलग ब्रांचों में तैनात पुलिस अधिकारी और जवानों से उनके कार्य के सम्बन्ध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन में स्थित एमटी शाखा, वायरलैस शाखा, शस्त्रागार, क्वार्टर गार्ड, मैस, खेल मैदान, कैंटीन आदि का विजिट किया।



इसके बाद फैमिली क्वार्टर्स का निरीक्षण कर खासकर साफ सफाई के सम्बन्ध में निर्देश दिए। पुलिस लाइन में तैनात पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर कोताही नहीं बरतने और अपने-अपने काम को बेहतर तरीके से अंजाम देने के निर्देश दिए। विजिट के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, संचित निरीक्षक उदयचंद मीणा, सहायक उप निरीक्षक मोहन सिंह, हवलदार मेजर जसराम सहित अन्य अधिकारी व पुलिसकर्मी उपस्थित रहें भी साथ रहे।



## खेलो इंडिया में आये मल्लखंभ उपकरण भरतपुर एकेडमी को दिलाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** गत दिवस जयपुर की पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का समापन केन्द्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे, राजस्थान खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड एवं राजस्थान युवा स्पोर्टस बोर्ड चेयरमैन नीरज के. पवन तथा सभी खिलाडियों प्रशिक्षकों की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ वहीं संभाग स्तर पर आयोज्य खेलो का भी समापन सम्पन्न हुआ। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स मल्लखंभ खेल में जयपुर से भाग लेकर भरतपुर लौटे डॉ. रमेश इंदौलिया प्रेसीडेंट फेडरेशन इन्टरनेशनल मल्लखंभ तथा सचिव राजस्थान राज्य मल्लखंभ संघ ने भरतपुर के लाडले, आधुनिक विकासोन्मुखी खेलों की नई पहल की शुरूआत करने वकाले राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मासे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के मल्लखंभ खेल के आधुनिक अंतर्राष्ट्रीय मानकपूर्ण खेल उपकरणों को खिलाडियों के उपयोग के लिए भरतपुर खेलो इंडिया मल्लखंभ एकेकडमी को दिलाने की मांग की है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स मल्लखंभ आयोजन के दौरान नीरज के. पवन चेयरमैन राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद जयपुर से भी डॉ. रमेश इन्दौलिया ने विस्तृत चर्चा कर मल्लखंभ उपकरणों के सदपयोग के लिए भरतपुर को देने की बात कही जिस पर नीरज के. पवन साहब ने पूरा भरोसा दिलाते हुए कहा कि आपके सी.एम. साहब भजनलाल जी यदि भरतपुर देने की सिफारिश करेंगे तो हम अवश्य ये सामान भरतपुर के खिलाडियों को देंगे।

डॉ. रमेश इन्दौलिया सचिव राजस्थान राज्य मल्लखंभ संघ ने राजस्थान राज्य मल्लखंभ संघके अध्यक्ष एवं डीग कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेष सिंह को भी मल्लखंभ उपकरण दिलाने हेतु सी.एम. साहब भजनलाल, एवं चेयरमैन नीरज के. पवन जयपुर को पत्र लिखकर एवं व्यक्तिगत स्तर पर दूरभाष से सिफारिष करने का निवेदन भी किया है। डॉ. रमेश इन्दौलिया ने भरतपुर, डीग के विकास के धनी, सबके हितैषी, ताकतवर मजबूत पकड कर काम कराने वाले मंत्री जवाहरसिंह बेढम से भी मल्लखंभ उपकरण भरतपुर को दिलाने की अपील की है। डॉ. रमेश इन्दौलिया ने राजस्थान राज्य मल्लखंभ संघ तथा भरतपुर के सी.एम. भजनलाल शर्मा हमारे गृह जिले के कारणबाहर के राज्यों के सभी तकनीकी अधिकारी,खेल प्रशिक्षक, साई अधिकारियों सहित उत्कृष्ठ आयोजन के लिए नीरज के.पवन चेयरमैन खेल जयपुर का भी दुपट्टा, साफा एवं स्मृति चिंह भेंट कर स्वागत किया।

# संविधान शिल्पी डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा कर फूल मालाएं चढ़ा कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

## डॉ अंबेडकर द्वारा बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** भारतीय संविधान के रचयिता, भारतरत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 70वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को डीग शहर में जिला न्यायालय स्थित अंबेडकर सर्किल पर आयोजित कार्यक्रम में जाटव समाज सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। जसवंत भारती ने कहा कि बाबा साहब का जीवन सामाजिक भेदभाव, असमानता और कठिन परिस्थितियों के बीच संघर्ष की मिसाल रहा है। उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार मानते हुए समाज के वंचित वर्ग को अधिकार और सम्मान दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया।

गोपाल इंदोलिया ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं थे, बल्कि वे



एक महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और दूरदर्शी चिंतक भी थे। उनके द्वारा निर्मित संविधान ने भारत को समानता, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय की मजबूत नींव दी। सुखराम पटवारी और महेशचंद ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब का सपना ऐसा भारत था, जहां व्यक्ति को उसकी जाति या जन्म से नहीं, बल्कि कर्म और योग्यता से पहचाना जाए। कार्यक्रम में मौजूद अधिवक्ताओं के साथ-साथ जाटव समाज के लोगों ने डॉ. अंबेडकर के विचारों को आत्मसात कर उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## कलेक्ट्रेट-एसपी ऑफिस के पास डंपिंग यार्डः बदबू से अधिकारी, कर्मचारी और आमजन परेशान; आंख बंद कर बैठा नगर परिषद



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** धौलपुर शहर के बाड़ी रोड पर स्थित कलेक्ट्रेट और एसपी ऑफिस के ठीक बगल में बना डंपिंग यार्ड अब एक गंभीर समस्या बन गया है। शहर की सबसे बड़ी मित्तल कॉलोनी के पास स्थित इस यार्ड से लगातार उठने वाली बदबू के कारण यहां से गुजरने वाले अधिकारी, कर्मचारी और आमजन परेशान हैं। कलेक्ट्रेट और एसपी ऑफिस में प्रतिदिन सैकड़ों लोग आते-जाते हैं। डंपिंग यार्ड से फैलने वाली बदबू और गंदगी के कारण उन्हें काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। यह स्थिति सरकारी कामकाज और आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर परिषद इस गंभीर मुद्दे पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। शहर के केंद्र में स्थित यह डंपिंग यार्ड धीरे-धीरे एक बड़ी समस्या का रूप ले चुका है, जिससे आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है। लोगों ने नगर परिषद से मांग की है कि इस डंपिंग यार्ड को शहर के बाहरी क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाए। इससे सरकारी कार्यालयों और आसपास की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा और राहत की सांस ले पाएंगे।

## सत्यपाल सिंह बार एसोसिएशन डीग के निर्विरोध महासचिव निर्वाचित

डीग (नि.स.)। बार एसोसिएशन के 12 दिसंबर को होने वाले चुनावो में अध्यक्ष पद के लिए शनिवार को पुष्पेंद्र सिंह, सुबोध पाराशर और महेंद्र सिंह ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं जो जांच के बाद सही पाए गए है। चुनाव समिति के सदस्य अनिल कुमार गुप्ता,राजेश शर्मा और देवेंद्र सिंह एडवोकेट ने बताया है कि महासचिव के पद के लिए एकमात्र सत्यपाल सिंह का नामांकन प्राप्त होने पर उन्हें महासचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है । जबकि उपाध्यक्ष पद के लिए सौरभ कुमार गुप्ता द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया लेकिन वह नियमानुसार ना होने के कारण निर्वाचन समिति द्वारा निरस्त कर दिया गया है। नाम वापसी की अंतिम तिथि 8 दिसंबर है। डीग बार में 119 सदस्य है।अब अध्यक्ष पद के लिए 12 दिसंबर को मतदान होगा।

# बाड़ी में एसआईआर को लेकर धन्यवाद कार्यक्रम

## कलेक्टर ने 301 बीएलओ और एसडीएम का किया सम्मान, बोले-जन आंदोलन जैसा प्रभाव दिखा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी विधानसभा ने निर्वाचन विभाग के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का कार्य राजस्थान की 200 विधानसभाओं में सबसे पहले पूरा किया है। इस उपलब्धि पर उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने आज सभी बीएलओ के लिए एक धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम शहर के बसेड़ी रोड स्थित एक निजी मैरिज होम में आयोजित हुआ, जिसमें धौलपुर कलेक्टर श्रीनिधि बीटी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कलेक्टर ने पूरी टीम को दिया धन्यवाद- कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने अपने संबोधन में कहा कि कोई भी कार्य असंभव नहीं होता, यदि उसे सुनियोजित तरीके से और टीम वर्क के साथ किया जाए। उन्होंने बाड़ी विधानसभा द्वारा सबसे पहले कार्य पूर्ण करने पर 301 बीएलओ, 31 सुपरवाइजर, आईटी टीम, एईआरओ, आईए, बीसीए, बीसीआई और अंत मे सभी की धुरी उपखंड अधिकारी सहित पूरी टीम को धन्यवाद दिया।



**नेटवर्क समस्या की चुनौती को किया पार**-उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने बताया-विधानसभा के 2 लाख 47 हजार 370 मतदाताओं की मैपिंग के लिए 261 बूथ बीएलओ, 40 सहायक बीएलओ और 31 सुपरवाइजर की एक टीम गठित की गई थी। इस टीम को मतदाताओं की मैपिंग करने में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। बसई नवाब से लेकर डांग क्षेत्र के सेवर पाली तक फैले विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक मतदाता तक पहुंचना एक मुश्किल कार्य था। विशेषकर डांग क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या भी एक बड़ी बाधा बनी। इन चुनौतियों के बावजूद, बीएलओ ने अथक प्रयास किए, जिन्हें सुपरवाइजर और आईटी टीम का निरंतर सहयोग मिला। तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा ने डांग क्षेत्र में जाकर प्रत्येक बूथ के बीएलओ को प्रेरित किया, जबकि नायब तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने बाड़ी शहर के 45 वार्डों की जिम्मेदारी संभाली। नगर पालिका और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी इस कार्य में पूर्ण सहयोग दिया। इन सामूहिक प्रयासों के परिणामस्वरूप, कार्य समय से पहले और प्रदेश में सबसे पहले पूरा हुआ। अब तक 98.21 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग हो चुकी है, और शेष पर भी लगातार काम जारी है।

**ये रहे मौजूद**-इस धन्यवाद कार्यक्रम में बाड़ी एडिशनल एसपी कमल जागिड़, सीबीईओ नंदलाल मीणा, एसीबीईओ कल्याण प्रसाद, , सीडीपीओ अर्पित श्रीवास्तव, तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा, अनिल शर्मा पंचायत समिति वीडियो बाड़ी, रामबोल गुर्जर वीडियो ,नायब तहसीलदार उत्तम चंद बंसल सहित बाड़ी और सैंपऊ उपखंड के प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 100 से अधिक रोगी हुए लाभान्वित

### आमजन को मिले अधिक से अधिक आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ - डा0 दीक्षित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** आमजन को अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने एवं निशुल्क विशेष चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाए जाने हेतु राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध जिला आयुर्वेद चिकित्सालय द्वारा चलाए जा रहे निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं कार्यशालाओं की वार्षिक श्रृंखला के अंतर्गत जिला आयुर्वेद चिकित्सालय परिसर में मौसमी बीमारियों से बचाव एवं चिकित्सा हेतु निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें जुकाम कफ खांसी एवं जोड़ों के दर्द और पेट की बीमारियों के सौ से अधिक रोगियों का उपचार किया गया। शिविर समन्वयक एवं उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने बताया कि मौसम के बदलाव से जुकाम,दमा, खांसी बुखार के साथ साथ जोड़ों में दर्द की तकलीफ बढ़ने से आमजन को अधिक से अधिक आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ मिल सके उसके लिए शिविर आयोजित किया गया जिसमें सभी रोगियों को नि:शुल्क परामर्श लेकर औषधि उपलब्ध कराई गई ।साथ ही दो सौ से अधिक लोगों को औषधीय काढ़ा बनाकर पिलवाया गया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ यशपाल सिंह उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित डॉ शैलेश शर्मा डॉ श्याम सिंह घुरैया द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना द्वारा किया गया। शिविर में काय चिकित्सक डॉ मनीषा गुर्जर डॉ ज्योति मीना डॉ राजकुमार झा डॉ पिंकी चौहान डॉ शैलेश शर्मा द्वारा सेवाएं प्रदान की गई। वरिष्ठ कंपाउंडर छेदालाल शर्मा भगवान सिंह मोरध्वज शर्मा जगनलाल रजत पाराशर,वीरेंद्र सिंह पवन कुमार द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। शिविर में आने वाले रोगियों को सर्दी के मौसम में आवश्यक खान-पान एवं जीवन शैली की जानकारी देते हुए योग व्यायाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सभी का आभार व्यक्त डॉ कुलदीप शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया।

## प्रत्येक गुरूवार को होगा महालक्ष्मी जी की विशेष पूजा अर्चना एवं हवन यज्ञ

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** खिरनी घाट स्थित श्री अग्रेश्वर महादेव पर महादेव पर पोष मास के प्रत्येक गुरूवार को महालक्ष्मी जी की विशेष पूजा अर्चना हवन यज्ञ का आयोजन होगा।

मंत्री विष्णु लोहिया एवं मंदिर संयोजक विनोद कुमार मेडीकल ने बताया कि मंदिर प्रांगण में ऐश्वर्य व धन की देवी माता श्री लक्ष्मी जी का अत्यन्त मनमोहक एवं सोम्य रूप का श्रीविग्रह प्रतिष्ठित है जोकि संसार के सभी दुखों को दूर कर धन की वर्षा करती हैं जिसकी पोष मास गुरूवार की प्रथम पूजा 11 दिसम्बर को सुबह 9 बजे होगी। हवन यज्ञ में सोना, चांदी, डायमण्ड, मोती एवं अन्य प्रकार की सामग्री से आहूति लगाई जावेगी।

# जिला धौलपुर के घंटाघर-मचकुंड पर लगे रेडियो एक्टिव लाइटनिंग कंडक्टर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** शहर की ऐतिहासिक धरोहरों को आकाशीय बिजली से बचाने के लिए अब सुरक्षा के कवच के रुप में रेडियो एक्टिव लाइटनिंग कंडक्टर लगाए गए हैं, जो आसपास के 100 मीटर के एरिया को भी आकाशीय बिजली के प्रकोप से बचाएंगे।

इसकी शुरुआत घंटाघर और तीर्थराज मचकुंड से की गई है। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि चंबल नदी के कारण धौलपुर में नमी अधिक रहती है। इससे आकाशीय बिजली अधिक कड़कती एवं गिरने की घटनाएं होती हैं। इस साल ही 10 से ज्यादा हादसे हुए थे। घंटाघर में एक एंटीना नुमा छड़ लाइटनिंग कंडक्टर लगाया है। जिसे तड़ित चालक भी बोलते हैं। कई बार मंदिरों की छतरी, गुंबद आकाशीय बिजली से गिर जाते हैं। वहीं कुछ समय पहले भी घंटाघर के सबसे ऊपर से किसी धमक या आकाशीय बिजली से एक पार्ट गिर गया था, इससे घंटाघर के आसपास रहने वाले लोगों में भी दहशत बन गई थी कि घंटाघर गिर न जाए।

इसके अलावा तीर्थराज मचकुंड पर बड़ा लाइटनिंग कंडक्टर लगाया गया है जो कई मंदिरों को एक ही कंडक्टर आकाशीय बिजली के गिरने से बचाएगा। यानि कंडक्टर की तरंगें बिजली को काबू में कर बिल्डिंग को कोई नुकसान नहीं पहुंचने देगी। लाइटनिंग कंडक्टर एक ऐसा डिवाइस है जिसका उपयोग इमारतों को बिजली गिरने के प्रभाव से बचाने के किया जाता है। लाइटनिंग रॉड कॉपर की बनी रॉड होती है और ये दो हिस्सों में आता है। इसे भवन या घर निर्माण के दौरान दीवारों में इंस्टॉल किया जाता है। इसे लगाने की सही जगह घर या भवन की छत होती है और ये बिल्डिंग से भी ऊंचाई पर होता है। इस रॉड का ऊपरी हिस्सा नुकीला या त्रिशूल के आकार का होता है और नीचे का हिस्सा मोटा होता है। इसे तारों के जरिए अर्थिंग कर गहरे जमीन में गाड़ दिया जाता है। ध्यान रहे कि ऐसी जगह पर नमी हो, नमी न होने पर गड्ढे को आपको मिट्टी और एक कैमिकल कमाउंड से भरना होता है। जब आसमानी बिजली गिरती है तो ये कंडक्टिव पाथ बनाता है, जिससे ये ऊपर से हाई वोल्टेज को अपने अंदर समा लेता है।

### इनका कहना

लाइटनिंग कंडक्टर डिस्कॉम ने लगाए हैं। घंटाघर, मचकुंड अन्य धरोहरों सहित अब नई पुरानी नगरपरिषद बिल्डिंग, कलेक्ट्रेट, एसपी ऑफिस, जिला परिषद आदि जगहों पर ये लगाए गए हैं। आसमान से बिजली गिरने वाली बिजली से ये भवनों को बचाने में बेहद मजबूत उपाय है। धौलपुर में बिजली गिरने के केस भी ज्यादा सामने आते हैं।

**गुमान सिंह सैनी**
**एक्सईएन, नगरपरिषद**

# दस दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद अंतरंग क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर 13 से

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया )।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुर्वेद विभाग चित्तौड़गढ़ की ओर से 13 दिसम्बर से दस दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेद अंतरंग क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर आयोजित किया जायेगा। आयुर्वेद विभाग चित्तौड़गढ़ के उप निदेशक डॉ. तरूण कुमार प्रमाणिक ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शल्य चिकित्सा शिविर 13 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक शहर के अटल सामुदायिक भवन गांधीनगर में आयोजित किया जायेगा। उन्होने बताया कि इस शिविर में क्षारसूत्र पद्धति से अर्श (मस्सा), भगंदर (फिस्टूला), परिकर्तिका (फिशर), नाड़ीव्रण (साईनस) आदि रोगों का ऑपरेशन क्षार सूत्र विशेषज्ञ डॉ. तरूण कुमार प्रमाणिक (चित्तौड़गढ़), डॉ. उदय भानु प्रताप सिंह (सिरोही) एवं डॉ. किष्किन्धा पंकज की टीम द्वारा किया जायेगा। महिलाओं के समस्त रोगों का उपचार डॉ. सरिता ए. कुमार की टीम द्वारा किया जायेगा। मधुमेह, मोटापा, पेट से सम्बन्धित रोग, श्वास एवं अन्य रोगों का उपचार डॉ. शैलेन्द्र सिंह मंडलोई, डॉ. मुकेश कुमार शर्मा एवं डॉ. विनोद गंधर्व की टीम द्वारा किया जायेगा।

# पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष प्रजापत ने की कपासन में प्रतिदिन पेयजल आपूर्ति की मांग

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर कांग्रेस कमेटी कपासन के पूर्व अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत द्वारा उपखंड अधिकारी कपासन एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से नगर क्षेत्र प्रतिदिन पेयजल आपूर्ति की मांग की गयी है। पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत ने बताया कि विगत 5-6 सालों से कपासन के राज राजेश्वर तालाब में पानी नहीं होने से संपूर्ण नगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति एक दिवस छोड़कर अगले दिवस करने की व्यवस्था थी।परंतु अब इस वर्ष कपासन के राज राजेश्वर तालाब में सात से आठ फीट पानी की आवक हो चुकी है।इसके उपरांत भी संबंधित विभाग द्वारा अभी तक प्रतिदिन पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था नहीं की गयी है। पूर्व कपासन कांग्रेस अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत ने बताया कि नगर पालिका कपासन क्षेत्र मे बहुत से ऐसे परिवार है।जिनको पानी के टैंकर मंगाकर पानी की पूर्ति करनी पड़ रही है ।उक्त एकांतर पेयजल व्यवस्था के चलते क्षेत्र में पीने के पानी के लिए आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।पूर्व अध्यक्ष प्रजापत द्वारा प्रतिदिन पेयजल आपूर्ति व्यवस्था करने की मांग की गयी है।जिससे आमजन को राहत मिल सके।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में दो दिवसीय प्रतिभा प्रोत्साहन समारोह का शुभारंभ

## मेवाड़ विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को मंच प्रदान करने का प्रयास अत्यंत अनुकरणीय- अग्रवाल




बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया )।** मेवाड़ विश्वविद्यालय गंगरार में दो दिवसीय प्रतिभा प्रोत्साहन समारोह 2025 का शुभारंभ शनिवार को उत्साह और गरिमा के साथ हुआ। भारतीय शिक्षण मंडल के सहयोग से आयोजित इस समारोह में चित्तौडग़ढ़, उदयपुर, भीलवाड़ा, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, अजमेर, बांसवाड़ा, नीमच व मंदसौर सहित विभिन्न जिलों से लगभग 20 हजार से अधिक विद्यार्थियों का पंजीकरण हुआ। सुबह से ही परिसर में विद्यार्थियों और शिक्षकों की बड़ी संख्या के साथ उत्सव जैसा वातावरण बना रहा। सर्वप्रथम प्रतिभागियों का एकत्रीकरण किया गया जिसके बाद मंच पर उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर समारोह की औपचारिक शुरुआत की गई। दीप प्रज्वलन के पश्चात विश्वविद्यालय का कुलगीत प्रस्तुत किया गया। जिसने कार्यक्रम को प्रेरणादायक और अनुशासित आरंभ प्रदान किया। इसके बाद मेवाड़ एजुकेशन सोसाइटी के चेयरमैन गोविंद गदिया ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सभी जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि यह आयोजन युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने का एक सशक्त माध्यम है। इसके उपरांत विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया गया। इसके बाद पूरा विश्विद्यालय परिसर में एक साथ वंदे मातरम की स्वर लहरियाँ गूँज उठीं। वंदे मातरम के इस सामूहिक गायन ने समारोह के वातावरण को पूर्णत: राष्ट्रभावना से अभिभूत कर दिया। इसके बाद मंच से मुख्य अतिथियों के प्रेरणादायी संबोधन का क्रम शुरू हुआ।

# ब्यावर कांग्रेस एक जाजम पर,संगठन की एकजुटता ने बदली तस्वीर, किशोर चौधरी के प्रयास हुए सार्थक

## नेतृत्व, ऊर्जा और एकता का संगम, दिल्ली महारैली व मतदाता सूची पुनरीक्षण पर बनी रणनीति

## भाजपा की नीतियों के खिलाफ तेज होगा संघर्ष

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** जिला कांग्रेस कमेटी ब्यावर की नई टीम की पहली बैठक ने वर्षों बाद संगठन में अभूतपूर्व एकजुटता का संकेत दिया।

बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष किशोर चौधरी ने की, जिसमें महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, हस्द्ध, अग्रिम संगठनों व प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, पूर्व विधायक, कांग्रेस प्रत्याशी सहित बड़ी संख्या में नेता व कार्यकर्ता एक ही मंच पर उपस्थित रहे यह एकजुट उपस्थिति इस बात का प्रमाण बनी कि किशोर चौधरी द्वारा संगठनात्मक समन्वय एवं एकता के लिए किए गए प्रयास अब प्रत्यक्ष परिणाम देने लगे हैं।

**डोटासरा के प्रति आभार, संगठन को नई दिशा का श्रेय**

जिला अध्यक्ष किशोर चौधरी ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा डोटासरा जी ने हमेशा संगठन को मजबूती, कार्यकर्ताओं को सम्मान और युवाओं को अवसर देने की संस्कृति कायम रखी है।

**लोकतंत्र की रक्षा, राहुल गांधी के साथ संघर्ष का संकल्प**

किशोर चौधरी ने कहा भाजपा लगातार लोकतंत्र और संविधान को कमजोर कर रही है। राहुल गांधी देश की लोकतांत्रिक संरचना व नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत हैं।

**उपस्थित नेतृत्व**

बैठक में उपाध्यक्ष हगामी लाल मेवाड़ा, पूर्व विधायक राकेश पारीक,कांग्रेस नेता संग्राम सिंह गुर्जर, पारस पंच,ब्यावर ब्लॉक अध्यक्ष यादव, महिला कांग्रेस, ऋषि लाम्बा जिला प्रवक्ता सेवादल , पप्पू काठात जिला अध्यक्ष निकाय प्रकोष्ठ,शाकिर कुरेशी,जानवी भरवानी , एडवोकेट सुलक्षणा शर्मा प्रदेश सचिव सहित सभी अग्रिम संगठनों के जिला/ब्लॉक पदाधिकारी, पीसीसी सदस्य तथा सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## दिल्ली महारैली व एसआईआर प्रक्रिया पर रणनीति

बैठक में 14 दिसंबर 2025 को दिल्ली में आयोजित होने वाली वोट चोर-गद्दी छोड़ महारैली की तैयारियों तथा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की समीक्षा की गई बैठक का मुख्य उद्देश्य ब्यावर जिले से अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना वर्तमान मतदाता सूची सुधार पर गंभीर विमर्श करना बैठक रांकाजी की बगीची, मेवाड़ी गेट बाहर, ब्यावर में सम्पन्न हुई, जिसमें रैली की रूपरेखा तय की गई तथा सभी पदाधिकारियों को अधिकतम संख्या में कार्यकर्ता एवं आमजन को रैली में ले जाने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

# सैनिक स्कूल में क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया )।** सैनिक स्कूल में शनिवार को क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल के प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया, उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल पारुल श्रीवास्तव एवं प्रशासनिक अधिकारी मेजर सी श्रीकुमार के निर्देशन में किया गया।

इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि स्कूल के प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया थे। स्कूल के सीनियर मास्टर ओंकार सिंह एवं प्रतियोगिता के संयोजक राकेश रामपुरिया ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सैनिक स्कूल छात्रों में अनुशासन, साहस, और देशभक्ति के गुणों का संचार करता है। क्रॉस कंट्री दौड़ इन मूल्यों को और भी पुष्ट करती है। स्कूल के जन संपर्क अधिकारी बाबूलाल शिवरान ने बताया कि कैडेट्स में मानसिक दृढ़ता, सहनशक्ति, हाउस स्पिरिट, स्पोर्ट्समैन स्पिरिट को विकसित करने और कैडेट्स के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जाग्रत करने हेतु हर वर्ष इस इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता हैं। सब जूनियर बालिका वर्ग में कैडेट यशवानी प्रथम, कैडेट आरोही द्वितीय एवं कैडेट हर्षिता तृतीय स्थान पर रही। सब जूनियर बालक वर्ग में कैडेट शिवप्रताप प्रथम, कैडेट अभिमन्यु चैधरी द्वितीय एवं कैडेट रोहित मीना तृतीय स्थान पर रहे।

जूनियर कक्षा सातवीं से आठवी बालक वर्ग में कैडेट हसन राजा प्रथम, कैडेट मयंक द्वितीय एवं कैडेट साहिल मीना तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर कक्षा सातवीं से आठवी बालिका वर्ग में कैडेट अक्षिता प्रथम, कैडेट गुलशन द्वितीय एवं कैडेट ज्योति तृतीय स्थान पर रही। जूनियर एवं सीनियर कक्षा नवीं एवं दसवीं बालक वर्ग में कैडेट युवराज मावलिया प्रथम, कैडेट हिमांशु द्वितीय एवं कैडेट गौरव तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर एवं सीनियर कक्षा नवीं एवं दसवीं बालिका वर्ग में कैडेट रितिका मीना प्रथम, कैडेट अनोखी मोची द्वितीय एवं कैडेट रोनिका नागर तृतीय स्थान पर रही।

# रोडवेज बस स्टैंड पर अव्यवस्थाओं का अंबार, कलेक्टर मीना ने जताई कड़ी नाराज़गी



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने रोडवेज बस स्टैंड का औचक निरीक्षण कर साफ-सफाई, बुकिंग विंडो, लेखा विभाग व वर्कशॉप सहित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मिली अव्यवस्थाओं पर उन्होंने कड़ी नाराज़गी जताते हुए अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए निरीक्षण में कुएं पर सोती हुई महिला मिलने पर भी उन्होंने नाराज़गी जाहिर की इस दौरान चीफ मैनेजर अवकाश पर थीं, जबकि उनके अनुपस्थित रहने पर जिन अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

# नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिसोदिया आज करेंगे पदभार ग्रहण

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया का पदभार ग्रहण का आज 7 दिसंबर रविवार को जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय पर आयोजन होगा। जिला कांग्रेस महामंत्री अहसान पठान ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्तजिला कांग्रेस महामंत्री अहसान पठान ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्तजिला कांग्रेस महामंत्री अहसान पठान ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त जिला अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया रविवार को 11.15 पर स्टेशन मार्ग स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ पदभार ग्रहण करेंगे।उक्त पदभार ग्रहण कार्यक्रम में कांग्रेस नेता,जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भाग लिया जायेगा।

# सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को अंतिम छोर तक पहुंचाएं : कोठारी

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा )।** भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रदेश एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने का पुरजोर आह्वान किया है।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सरकार की नीतियों का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना ही कार्यकर्ताओं का परम दायित्व है। विधायक कोठारी आरसी व्यास कॉलोनी स्थित पुराने भाजपा कार्यालय में आयोजित निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष लादू लाल तेली के जन्मोत्सव पर कार्यकर्ता स्नेह मिलन समारोह को मुख्य अतिथि पद से विचार व्यक्त किए । इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठित होकर जनसेवा के कार्यों में जुटने का आग्रह किया। विधायक कोठारी ने कार्यकर्ताओं से दो महत्वपूर्ण अभियानों में जनता का सहयोग करने का आव्हान किया। मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान उन्होंने मतदाताओं और बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) का सहयोग करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

# चित्तौड़गढ़ विक्टर राउंड टेबल 361 ग्रुप द्वारा 25 दिसंबर को आयोजित होने वाले चैरिटी फ़ंडरेज़र इवेंट की घोषणा

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया )।** चित्तौड़गढ़ विक्टर राउंड टेबल 361 ग्रुप द्वारा आयोजित होने वाले चैरिटी फ़ंडरेज़र इवेंट की घोषणा शुक्रवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस एवं पोस्टर लॉन्च कार्यक्रम के दौरान की गई।

आयोजकों ने बताया कि आगामी 25 दिसंबर 2025 को भव्य CVRT चैरिटी फ़ंडरेज़र इवेंट का आयोजन पद्मिनी होटल, चित्तौड़गढ़ में किया जाएगा, जिसमें देश की लोकप्रिय और सुपरहिट संगीत जोड़ी सचेत-परंपरा लाइव प्रस्तुति देंगी। यह आयोजन चित्तौड़गढ़ के इतिहास के सबसे भव्य संगीत कार्यक्रमों में से एक माना जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि इस फ़ंडरेज़र से प्राप्त राशि का उपयोग सरकारी विद्यालय नरेला (चित्तौड़गढ़) में 4 नई कक्षाओं के निर्माण के लिए किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजकों ने जानकारी दी कि इस वर्ष का प्रमुख Title Sponsor KMT Machinery है, जबकि इवेंट को Arham Spaces (Akhil Abbani) Powered By के रूप में सहयोग प्राप्त है।

# गोपाल गुर्जर को राजनीतिक द्वेषवश फंसाने का आरोप ग्रामीणों ने एसपी को ज्ञापन देकर निष्पक्ष जांच की मांग



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा )।** ग्राम पंचायत मालोला के कई वार्ड पंचों, उपसरपंचों व ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा को ज्ञापन सौंपकर थाना माण्डल में दर्ज एफआईआर संख्या 365/2025 में निष्पक्ष व स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह प्रकरण राजनीतिक विद्वेष का परिणाम है, जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल गुर्जर को जानबूझकर झूठे आरोप लगाकर फंसाने का प्रयास किया गया है। ग्रामीणों में फूला गाड़री, शाहरूख खान, राजू गुर्जर, सावरी देवी, समता बोई, पुष्कर लाल माली, जुबैदा बानो सहित कई लोगों ने बताया कि वे वर्षों से ग्राम पंचायत मालोला में निवासरत हैं और जनहित व पंचायत कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने बताया कि गोपाल गुर्जर एक लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जो हमेशा आमजन के हित में खड़े रहते हैं और हर वर्ग के लोगों की सहायता करने में आगे रहते हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सरपंच कालूराम बलाई द्वारा दर्ज शिकायत राजनीतिक द्वेष व निजी रंजिश से प्रेरित है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच बलाई ग्रामवासियों के मूलभूत समस्याओं का समाधान करने में उदासीन रहते हैं और कई बार जनता के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने की शिकायतें भी सामने आई हैं। विरोध करने पर वे अपने पद, प्रभाव और राजनीतिक संपर्कों का उपयोग कर ग्रामीणों को डराने-धमकाने का प्रयास करते हैं तथा झूठे मुकदमों में फंसाने की चेतावनी देते हैं।

ग्रामीणों ने कहा कि वर्ष 2020 में हुए पंचायत चुनाव में गोपाल गुर्जर ने अपनी मां कसनी गुर्जर को उपसरपंच पद के लिए चुनाव लड़ाया था, जिसमें वे विजयी रहीं। इसके बाद भी गोपाल गुर्जर ने न तो अपने पद का दुरुपयोग किया और न ही पंचायत क्षेत्र में किसी व्यक्ति पर दबाव बनाया। किसी प्रकार की अवैध वसूली, फर्जी पट्टा जारी करने या सरपंच के हस्ताक्षरों की नकल करने जैसे आरोप पूरी तरह निराधार हैं।

# पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के नेतृत्व में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा,( नि.स. )।** निंबाहेड़ा में शनिवार को संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि को कांग्रेसजनों द्वारा महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में श्रद्धाभाव से मनाया गया।

निंबाहेड़ा में यहां सुबह बस स्टैंड परिसर में स्थित बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के नेतृत्व में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। सुबह 11.30 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, पदाधिकारी ,जनप्रतिनिधि गण,एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर अमर रहे के जयघोष के साथ उनके महान योगदान को नमन किया। पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा बाबा साहेब दलित, वंचितों और शोषित वर्ग की आवाज थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा,भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल भारतीय संविधान के शिल्पकार ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के महान प्रवक्ता थे।

इस अवसर पर कार्यक्रम में कांग्रेसजनों जनप्रतिनिधियों, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लेकर बाबा साहेब की विरासत को याद किया। प्रमुख रूप से उपस्थित,निंबाहेड़ा नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा,नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल,ज़िला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम झंवर,नगर कांग्रेस कमेटी संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी,ज़िला फुटबॉल संघ कोषाध्यक्ष मनोज पारख,युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना,नगर अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद कुरैशी,सेवादल नगर मुख्य संगठक दिनेश गुप्ता,राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष रोमी पोरवाल, नगर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष चांदमल विरानी व शमशू कमर मंसूरी,आशुतोष टांक,कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन इत्यादि उपस्थित रहे।

# सरकार की वॉर्निंग

## 7 दिसंबर तक रिफंड-क्लियर करो, 48 घंटे में सामान घर पहुंचाओ, वरना होगी सख्त कार्रवाई



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शनिवार को सभी घरेलू इकोनॉमी क्लास उड़ानों के लिए अधिकतम किराया सीमा को सख्त कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि इंडिगो के परिचालन संकट के कारण कई दिनों से चल रही बड़ी संख्या में उड़ानों के रद्द होने और क्षमता की कमी के बाद यात्रियों की सुरक्षा के लिए यह कदम ज़रूरी था। नई किराया सीमाएँ तुरंत प्रभाव से दूरी के आधार पर लागू होंगी।

### 48 घंटों के भीतर अलग किए गए सामान की डिलीवरी करने का निर्देश दिया

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो को अगले 48 घंटों के भीतर उड़ान रद्द या देरी के कारण अलग किए गए सभी यात्रियों के सामान का पता लगाने और डिलीवरी करने का भी आदेश दिया। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने एयरलाइन को 7 दिसंबर की रात 8 बजे तक बाधित या रद्द उड़ानों के सभी लंबित रिफंड का भुगतान करने का भी निर्देश दिया। मंत्रालय ने इंडिगो को प्रभावित यात्रियों से कोई पुनर्निर्धारण शुल्क नहीं लेने और यात्रियों की सक्रिय सहायता के लिए समर्पित सहायता और रिफंड सुविधा प्रकोष्ठ स्थापित करने का निर्देश दिया। एयरलाइनों को सामान की ट्रैकिंग और डिलीवरी के संबंध में स्पष्ट संचार बनाए रखने और जहाँ लागू हो, मुआवज़ा प्रदान करने के लिए कहा गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने वरिष्ठ नागरिकों, विकलांग व्यक्तियों, छात्रों और तत्काल चिकित्सा यात्रा वाले यात्रियों के लिए सुचारू सुविधा सुनिश्चित करने के लिए मजबूत निगरानी पर जोर दिया, जबकि पूर्ण परिचालन सामान्यता बहाल करने के प्रयास जारी हैं। जैसे-जैसे संकट गहराता गया, इंडिगो ने 5 से 15 दिसंबर 2025 के बीच यात्रा के लिए रद्दीकरण और पुनर्निर्धारण शुल्क पर पूरी छूट की घोषणा की। एयरलाइन ने कहा कि रिफंड स्वचालित रूप से मूल भुगतान विधि में संसाधित हो जाएगा, यात्रियों को कोई कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं होगी। इस उपाय का उद्देश्य बड़े पैमाने पर व्यवधानों के जारी रहने के दौरान अधिकतम लचीलापन प्रदान करना है।

## जिंदगी के आखिरी सफर तक हमारी पहचान एक भारतीय के तौर पर होनी चाहिए : सीएम योगी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को उन्हें याद करते हुए कहा कि जन्म से लेकर जिंदगी के आखिरी सफर तक हमारी पहचान एक भारतीय के तौर पर होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश होमगार्ड के 63वें स्थापना दिवस पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि आज बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस है, और यह एक ऐसा दिन है जो प्रेरणा देता है। आदित्यनाथ ने कहा, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर ने हर भारतीय को प्रेरित किया है। वह कहते थे कि हमारी पहचान मेरे परिवार, मेरी जाति, मेरे क्षेत्र और मेरी से नहीं है। बल्कि, हर भारतीय के मन में यह भावना होनी चाहिए कि जन्म से लेकर जिंदगी के आखिरी सफर तक हमारी पहचान एक भारतीय के तौर पर होनी चाहिए। संविधान के प्रमुख शिल्पकारों में से एक आंबेडकर स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री भी थे। आज ही के दिन 1956 में उनका निधन हो गया था।

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात के वाव थराद जिले में सहकारिता मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता की

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 'सहकार से समृद्धि' के विजन के अनुरूप डेयरी सहकारिता आज किसानों के कल्याण की सक्षम शक्ति**

## डेयरी क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तीन मल्टी.स्टेट को.ऑपरेटिव सोसाइटीज बनाई गईं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुजरात के वाव.थराद जिले में स्थित बनास डेयरी में सहकारिता मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर और मुरलीधर मोहोल समिति के सदस्य सांसदगण सहकारिता सचिव डॉ आशीष भूटानी सहित सहकारिता मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में भारत की डेयरी सहकारिता क्षेत्र और श्वेत क्रांति 2.0 को लेकर भविष्य की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में संसदीय परामर्शदात्री समिति के समक्ष सहकारी डेयरी क्षेत्र पर एक व्यापक प्रस्तुति दी गई जिसमें डेयरी क्षेत्र की संभावनाओं तथा इस क्षेत्र में सर्कुलैरिटी और सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने में सहकारी डेयरी समितियों की भूमिका को उजागर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि सहकारिता भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्थाए किसानों की आय वृद्धि, महिला सशक्तिकरण और देश की दुग्ध आत्मनिर्भरता की आधारशिला है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के विज़न के अनुरूप डेयरी सहकारिता आज किसानों के विकास की सक्षम शक्ति बन चुकी है।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत में हर महिला की आय बढ़ाने और हर घर को आत्मनिर्भर बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम डेयरी सहकारिता है। उन्होंने सहकारिता तंत्र को और सशक्त करने हेतु कई नए सुझाव और दिशा-निर्देश भी प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तरीय मंडलियों को इंश्योरेंस कोऑपरेटिव्स से जोड़ा जाएगा जिससे ग्रामीण समुदाय को बीमा सेवाओं तक सरल पहुँच मिलेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि डेयरी सहकारी समितियों को इंश्योरेंस के साथ जोड़ा जायेगा, जिससे गाँव के लोगों को दोपहिया और चारपहिया वाहनों का बीमा सहकारिता के माध्यम से उपलब्ध कराया जा सकेगा। शाह ने कहा कि सहकारी संस्थाओं को अन्य सहकारी संस्थानों में भी निवेश करना चाहिए ताकि सहकारी पारिस्थितिकी तंत्र में परस्पर मजबूती और पूँजी का विस्तार हो सके।

अमित शाह ने कहा कि डेयरी क्षेत्र के लिए



राष्ट्रीय स्तर पर तीन मल्टी.स्टेट को.ऑपरेटिव सोसाइटीज बनाई गई हैं। इनके माध्यम से एनडीडीबी और भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने जो श्वेत क्रांति 2.0 शुरू की है उसका उद्देश्य है कि हर पंचायत में एक को.ऑपरेटिव सोसाइटी बने और पर्याप्त दूध उत्पादन होने पर हर जिले में एक डेयरी स्थापित हो। श्री शाह ने कहा कि यह एक लॉंग टर्म कार्यक्रम है आणंद में स्थापित त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी दुग्ध प्रौद्योगिकी संस्थानों के साथ साझेदारी कर बीएससी और एमएससी स्तर पर डेयरी प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन का पाठ्यक्रम प्रारंभ करेगी। इन विषयों के ग्रैजुएट अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद देश भर के जिलों में बनास डेयरी के मॉडल को लागू करने में अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि किसान को उसके दूध का पूरा लाभ मिलेए इसके लिए इस प्रयास को अवश्य सफल बनाना होगा।

सहकारिता मंत्री ने बनास डेयरी के उदाहरण का उल्लेख करते हुए कहा कि देशभर के प्रत्येक जिले में चार अत्याधुनिक सॉइल टेस्टिंग लैब स्थापित की जाएँगी ताकि किसानों को मिट्टी की गुणवत्ता का वैज्ञानिक मूल्यांकन मिल सके। उन्होंने समिति को यह भी बताया कि अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है इसलिए किसानों को यह समझाना आवश्यक है कि कब कौन सा खाद यूरिया डीएपीए माइक्रो न्यूट्रिएंट्सकृका उपयोग करना उपयुक्त है ताकि मिट्टी स्वस्थ रहे और फ़सल उत्पादकता बढ़े।

# भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था : मोदी

## धीमी अर्थव्यवस्था को हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ कहने वाले अब खामोश हैं


बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जब भारत की ग्रोथ रेट 2-3% थी, तब कुछ बुद्धिजीवियों ने इसे हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ कहा और देश की धीमी अर्थव्यवस्था का कारण हिंदू संस्कृति को बताया। मोदी ने कहा, आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, लेकिन वही लोग अब इस टर्म का जिक्र नहीं करते। पीएम मोदी दिल्ली में लीडरशीप समिट में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो लोग हर बात में सांप्रदायिकता देखते हैं, उन्हें तब हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ शब्द सही लगा और वे इसे अपनी किताबों और रिसर्च पेपर्स में लिखते रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया अनिश्चितताओं से भरी है। फिर भी इस दौर में हमारा भारत एक अलग लीग में दिख रहा है। भारत आत्मविश्वास से भरा है। जब दुनिया में स्लोडाउन की बात होती है भारत ग्रोथ की कहानी लिखता है।

### पीएम मोदी की 8 बड़ी बातें...

जब दुनिया में ट्रस्ट की क्राइसिस होती है तब भारत पिलर बनता है। कुछ दिन पहले भारत के जीडीपी आंकड़े आए जिसमें 8% से ज्यादा ग्रोथ हो रही है। ये सिर्फ नंबर नहीं है ये स्ट्रांग मैक्रो इकोनॉमिकल सिग्नल है। यह संदेश है भारत ग्लोबल इकोनॉमी का ग्रोथ ड्राइवर बन रहा है।

देश में लोगों के 78 हजार करोड़ रुपए बैंक खातों में अनक्लेम पड़े हुए हैं। इसी तरह इंश्योरेंस कंपनियों में 48 हजार करोड़ रुपए बिना दावे के पड़े हैं। यह ज्यादातर गरीब परिवारों का पैसा है, जिसे लोग भूल चुके हैं। इसलिए सरकार अब देशभर में स्पेशल कैंप लगाकर असली हकदारों



को खोज रही है। अंग्रेजों को पता था लंबे समय तक राज करना है तो उनमें हीनभावना का संचार करना होगा। उस दौर में अंग्रेजों ने यही किया भी इसीलिए भारतीय पारिवारिक संरचना को पुराना बताया पोशाक का मजाक उड़ाया। त्योहार को इरेशनल कहा गया। भारतीय आविष्कारों का मजाक उड़ाया गया। पीढ़ी दर पीढ़ी यही चलता रहा। ऐसे ही भारतीयों का विश्वास चकनाचूर होता गया।

हमारे देश में ऐसे प्रावधान थे जहां छोटी गलती को गंभीर अपराध माना जाता था। हम कानून लाय उन्हें अपराध की कैटेगरी से हटाया। पहले 1000 रुपए के लोन के लिए बैंक गारंटी मानता था। हमने इसे तोड़ा। अब 37 लाख तक गारंटी फ्री लोन मिलता है। इस पैसे से उन परिवारों के नौजवानों को एन्टरप्रेन्योर बनने का अवसर मिल रहा है।

जी 7 की इकोनॉमी औसतन 1.5% के पास है इन परिस्थितयों में भारत लो इंफ्लेशन मॉडल बना है। एक समय देश में ज्यादा महंगाई को लेकर चिंता जताते थे आज वे कम होने की बात करते हैं।

भारत का स्पेस सेक्टर पहले सरकारी कंट्रोल में था हमने इसे प्राइवेट सेक्टर के लिए खोला। आज इसके नतीजे देश देख रहा है। अभी 11 दिन पहले हैदराबाद में स्काई रूट कैंपस का इनॉगरेशन किया। यह भारत की प्राइवेट स्पेस कंपनी है। यह कंपनी फ्लाईरेडी विक्रम 1 बना रही है। एक समय था जब भारत में रिफॉर्म स्वार्थ के चलते होते थे या संकट को मैनेज करने के लिए। लेकिन आज देशहित में होते हैं। देश के हर सेक्टर में कुछ न कुछ बेहतर होता रहता है। हमारा इंटेंट नेशन फर्स्ट का है। भारत के एक सामर्थ्य का बड़ा हिस्सा लंबे समय तक अनटैप रहा है। हमारा पूर्वी भारत, गांव, नारी शक्ति, छोटे शहर, यूथ पॉवर, ब्लू इकोनॉमी का इस्तेमाल पहले के दशकों में हो ही नहीं पा रहा था। भारत अब इनके साथ आगे बढ़ रहा है। पूर्वी भारत में आधुनिकता पर निवेश हो रहा है, हमारे गांव भी आधुनिक सुविधाओं से लैस हो रहे हैं। हमारे गांव में किसान एफपीओ बनाकर मार्केट से जुड़ रहे हैं।

## जैसलमेर में सेना के जवान को ब्रेन हेमरेज

### एयर-लिफ्ट कर जोधपुर ले गए, ग्रीन कॉरिडोर बनाकर पहुंचाया एम्स हॉस्पिटल

बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर।** जैसलमेर में तैनात भारतीय सेना के जवान को ड्यूटी के दौरान आज (शनिवार) सुबह अचानक ब्रेन हेमरेज हो गया। जवान की गंभीर हालत को देखकर सेना के अधिकारी उसे लेकर आर्मी हॉस्पिटल पहुंचे। लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर जवान को हेलिकॉप्टर से एयर-लिफ्ट कर जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचाया गया।

फिलहाल जवान का जोधपुर एम्स में इलाज जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार- आर्मी केंट में तैनात हवलदार जनार्दनम (40) निवासी तमिलनाडु की शनिवार सुबह ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह बेहोश हो गए। जांच में डॉक्टरों ने पाया कि उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ है। उनकी नाजुक हालत को देखते हुए नजदीकी आर्मी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे।

## बेनीवाल बोले- भजनलाल को लोग सीरियस नहीं लेते

### सीएम को पता नहीं सरकार कौन चला रहा; खुद मुख्यमंत्री को पांच बार धमकी मिल चुकी

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा- मुख्यमंत्री भजनलाल को लोग सीरियस नहीं ले रहे। मैंने पहला मुख्यमंत्री देखा है, जिन्हें यह पता नहीं चल रहा कि सरकार कौन चला रहा है। भाजपा सरकार ने पेपर लीक और आरपीएससी जैसी भर्तियों से जुड़े मुद्दों को लेकर यू-टर्न लिया है। उन्होंने कहा- सरकार की कथनी और करनी में फर्क है। बीजेपी और कांग्रेस राजस्थान में एक जैसी ही है। मुख्यमंत्री से जुड़े लोग राज्य को लूटने में लगे हुए हैं। बेनीवाल ने यह बात शनिवार को जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से कही। उन्होंने कहा- प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है। खुद मुख्यमंत्री को पांच बार धमकी मिल चुकी है। राजस्थान में नशा और गैंगवार बढ़ रही है। पंजाब से भी ज्यादा



नशा यहां होने लगा है। बेनीवाल ने कहा कि जोधपुर संभाग में इसके कई उदाहरण हैं। जो अधिकारी गहलोत के करीबी थे, हमारे फोन टैप करवा रहे थे, आज बीजेपी के करीबी है और भ्रष्टाचार-व्यापार में लगे हुए हैं। हम बिना किसी विधायक के लड़ाई लड़ रहे हैं, क्योंकि विधानसभा में हमारा कोई विधायक नहीं है।

## रूस में फैलेगा पतंजलि का साम्राज्य, एमओयू साइन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पतंजलि समूह और रूस सरकार के बीच दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। पतंजलि समूह की ओर से स्वामी रामदेव और भारत-रूस व्यापार परिषद के अध्यक्ष एवं रूसी वाणिज्य मंत्री सर्गेई चेरेमिन ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य, योग, आयुर्वेद, आध्यात्मिक आदान-प्रदान और कुशल श्रम गतिशीलता के क्षेत्र में सहयोग को गहरा करना है।

स्वामी रामदेव ने ज़ोर देकर कहा कि यह समझौता पूरे रूस में पतंजलि की स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर केंद्रित होगा।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।





उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# सरकार नेहरू को इतिहास से मिटाना चाहती है, उन्हें गलत तरीके से पेश किया जा रहा : सोनिया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी की चेयरपर्सन सोनिया गांधी शुक्रवार को दिल्ली स्थित जवाहर भवन में नेहरू सेंटर इंडिया के लॉन्च समारोह में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ बयानबाजी को लेकर भाजपा सरकार की आलोचना की।

सोनिया ने कहा- इसमें कोई शक नहीं है कि जवाहरलाल नेहरू को बदनाम करना आज की सत्ता का मुख्य मकसद है। वह उन्हें (नेहरू को) सिर्फ इतिहास से मिटाना नहीं चाहती, बल्कि उनकी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक आधारों भी को कमजोर करना चाहती है, जिन पर देश खड़ा हुआ।

सोनिया ने कहा- इतने बड़े व्यक्तित्व (नेहरू) के जीवन और काम का एनालिसिस और समीक्षा होना स्वाभाविक है और ऐसा होना चाहिए भी। लेकिन उन्हें बदनाम करने, कमजोर दिखाने और उनकी बातें तोड़ने-मरोड़ने की संगठित कोशिश अस्वीकार्य है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा- नेहरू का व्यक्तित्व छोटा करने की कोशिश जारी है। उनका ऐतिहासिक बैकग्राउंड अलग रखकर उनके काम का आकलन करना अब आम होता जा रहा है। उनकी बहुमुखी विरासत खत्म करके दोबारा इतिहास लिखने की कोशिश हो रही है। इसके बाद बीजेपी ने भी पलटवार किया। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 नेहरू लाए लेकिन वो इसे आगे संशोधित नहीं कर पाए। मगर पीएम मोदी की सरकार ने इसे संशोधित किया। उन्होंने आगे



कहा कि सोनिया गांधी नेहरू की लेगेसी की बात करती हैं तो ये किस तरह की लेगेसी है।

### सोनिया बोलीं- नेहरू की विरासत को नुकसान पहुंचाने की कोशिश

सोनिया ने कहा- स्वतंत्रता संग्राम में नेहरू की भूमिका और स्वतंत्र भारत के शुरुआती कठिन दशकों में उनके नेतृत्व को कम दिखाने की कोशिश की जा रही है। उनकी बहुआयामी विरासत को एकतरफा तरीके से नुकसान पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा- यह प्रयास कौन कर रहा है, हम सभी जानते हैं। यह वे ताकतें हैं जो साल-दशकों से सक्रिय हैं और अब सामने आई हैं। ये उस विचारधारा से जुड़ी हैं, जिसका स्वतंत्रता आंदोलन में कोई योगदान नहीं था और न ही संविधान निर्माण में उनकी कोई भूमिका थी। बल्कि, उन्होंने संविधान का विरोध किया और उसकी प्रतियां जलाने तक की घटनाएं की थीं। सोनिया ने कहा- यह वही विचारधारा है जिसने लंबे समय पहले नफरत का माहौल बनाया, जिसके कारण महात्मा गांधी की हत्या हुई। आज भी उस विचारधारा को मानने वाले लोग गांधी के हत्यारों का महिमामंडन करते हैं। यह विचारधारा लगातार हमारे नेताओं के मूल्यों को खारिज करती रही है।

### राहुल गांधी भारतीय राजनीति के भस्मासुर- गौरव भाटिया

सोनिया गांधी के बयान के बाद बीजेपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। गौरव भाटिया ने राहुल गांधी को भारतीय राजनीति का भस्मासुर कहा। उन्होंने कहा कि नेहरू की गलतियों को मोदी सरकार ने ठीक किया। उन्होंने आगे कहा कि सोनिया गांधी नेहरू की लेगेसी की बात करती हैं तो ये किस तरह की लेगेसी है। हिंदी चीनी भाई भाई का नारा नेहरू ने दिया था लेकिन नेहरू ने ह सिक्योरिटी काउंसिल की सीट चीन को दी थी। उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी को जब सरकार बुलाती है तो वो नहीं पहुंचते हैं। वे 15 अगस्त को लाल किले पर नहीं आए। सीजेआईके शपथ ग्रहण समारोह में नहीं पहुंचे। वे अपरिपक्व हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को नहीं पता कि किसके सामने क्या बोलना है। उन्होंने कांग्रेस, उद्धव ठाकरे और शरद पवार की पार्टी, अरविंद केजरीवाल की पार्टी, तेजस्वी यादव की पार्टी को निपटा दिया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेल: badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।